दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 189 | जयपुर | बुधवार, 14 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# हर आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे : पीएम मोदी

## पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें, घर में घुसकर मारेंगे



बढ़ता राजस्थान

**जालंधर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया।

मोदी ने कहा, 'भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।'



### वायुसेना की तारीफ, कहा- आप दुनिया में बेहतरीन

आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है।

1. भारत पर आतंकी हमला हुआ तो अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर, अपने समय पर जवाब देंगे।
2. कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा।
3. हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। दुनिया भी भारत की नई व्यवस्था को समझते हुए आगे बढ़ रही है।

### पाकिस्तान को धमकी, कहा- दुश्मन को मिट्टी में मिलाना जानते हैं

पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

### एयर डिफेंस सिस्टम का जिक्र, कहा- मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान

यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कोऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है।

### ऑपरेशन सिंदूर, कहा- न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग भारत नहीं सहेगा

पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयर डिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयर वॉरियर की हृदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया है। आतंक के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है कि अब टेरर अटैक हुआ तो भारत देगा और पक्का जवाब देगा। सर्जिकल स्ट्राइक में देखा, एयरस्ट्राइक में देखा और अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। कल भी कहा था कि भारत ने अब तीन सूत्र तय कर दिए है।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 3 आतंकी ढेर

## तीनों शोपियां के थे, पहलगाम हमले के बाद भारत पर 15 लाख साइबर अटैक, कामयाब सिर्फ 150

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।

महाराष्ट्र साइबर सेल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी और बांग्लादेशी हैकरों ने भारत में 15 लाख साइबर अटैक किए। इनमें से सिर्फ 150 ही कामयाब रहे।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस को निशाना बनाया है।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में सोमवार रात ड्रोन दिखे थे। कुछ देर बाद सेना ने कहा कि दुश्मन के किसी ड्रोन की सूचना नहीं है। मंगलवार सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के 2 जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।





# बठिंडा में पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

## एयर अटैक से घायल महिला की मौत, पठानकोट और अमृतसर में ब्लैकआउट

बढ़ता राजस्थान

**पंजाब (एजेंसी)।** पंजाब के बठिंडा आर्मी कैंट से पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रकीब नाम का यह व्यक्ति उत्तराखंड के रुड़की का रहने वाला है। आर्मी कैंट के अंदर वह कपड़े सिलने का काम करता है। आर्मी कैंट के अधिकारियों को रकीब की गतिविधियों पर शक हुआ, जिसके बाद



उन्होंने इसकी शिकायत बठिंडा पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। अमृतसर एयरपोर्ट से आज से फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी। आज से ही यहां स्कूल भी खुल जाएंगे लेकिन उनकी टाइमिंग बदली गई है। वहीं आज रात 8 बजे से अमृतसर और पठानकोट में स्वैच्छिक ब्लैकआउट शुरू हो गया है। डीसी साक्षी साहनी ने इसके लिए लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी अपने घरों की लाइटें बंद रखें।

वहीं, 9 मई को फिरोजपुर के खाई फेमे गांव में ड्रोन अटैक में घायल हुई महिला सुखविंदर कौर की लुधियाना के छ्रस्ष्ट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि, इसी हादसे में घायल हुए उनके पति लखविंदर सिंह और बेटे का अभी इलाज चल रहा है। सरकार ने परिवार को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की है। इससे पहले सोमवार रात को होशियारपुर में ड्रोन देखे गए। हालांकि, आर्मी की टीम ने इन्हें हवा में ही गिरा दिया। इसके बाद होशियारपुर के दसूहा और मुकेरियां में ब्लैकआउट कर दिया गया। दोनों जगह 5 से 7 धमाके सुने गए। इसके अलावा जालंधर के मंड में एक ड्रोन मार गिराया।

# सोना 1,268 बढ़कर 94,344 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 13 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,268 बढ़कर 94,344 पर पहुंच गया है। कल सोने की कीमत 93,076 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 1,094 बढ़कर 96,820 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,726 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।




# कोहली के जल्दबाजी में संन्यास की 5 वजहें

## युवाओं को मौका देने की सोच, कोच गंभीर के सख्त नियम, 10,000 रन नहीं बना सके



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकॉर्ड की परवाह नहीं की। विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में कोहली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फॉर्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

### विराट के संन्यास लेने की 5 बड़ी वजहें

- टॉप-5 भारतीयों में सबसे जल्दी संन्यास
- तीन भारतीय भी कम उम्र में संन्यास ले चुके
- 5 ऐसे रिकॉर्ड जिन्हें तोड़ने से चूके विराट
- 1. विराट के संन्यास की 5 वजहें

### टेस्ट में अपना पीक फॉर्म खो दिया

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फॉर्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं।

कोहली के खराब फॉर्म में कोरोना के बाद की बॉलिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा।

महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं कोहली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट ऑफ फॉर्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## रॉयल हीरो शोरूम पर न्यू प्रीमियम बाइक एक्सपल्स 210 लॉन्च



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हीरो मोटो कॉर्प की न्यू प्रीमियम बाइक एक्सपल्स 210 को आज रॉयल हीरो प्रीमिया द्वारा लांच किया गया। इस मौके पर कंपनी के निदेशक हुसैन मुस्तफा मौजूद रहे और उदयपुर की पहली गाड़ी अनिल सांगवा और राहुल मीणा को चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर कंपनी के जनरल मैनेजर सेल्स जसपाल नागदा ने बताया कि एक्सपल्स 210 हीरो की एडवांस फीचर्स बाइक है जो कि खास प्रीमियम सेगमेंट के कस्टमर के लिए बनी है। यह गाड़ी ऑफ रोड के लिए काफ़ी कस्टमर को पसंद आ रही है इस गाड़ी में टीएफटी स्पीडोमीटर,क्लास डी एल ई डी प्रोजेक्टर हेड लैंप,क्लास लीडिंग सस्पेंशन ट्रैवल,स्विच्टेबल एबीएस मोड ,4वि लिक्विड कूल इंजन ,6 स्पीड ट्रांसमिशन और भी बहुत सारे फीचर्स मौजूद है। यह गाड़ी टेस्ट राइड के लिए रॉयल हीरो प्रीमिया शोरूम पर एविलेबल है जो कि सिर्फ प्रीमियम बाइक्स के लिए ही उपलब्ध है।

# महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज के सान्निध्य में श्री मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल का शिलान्यास

### बेंगलुरु में वेद-शास्त्र और शस्त्र विद्या से होगा सनातन शिक्षा का नवयुग आरंभ

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( नि.स. )।** 13 मई 2025 को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में श्री घाटा मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट द्वारा संचालित होने वाले रामेष्ठ वेद-संस्कृत महाविद्यालय का भव्य शिलान्यास समारोह अत्यंत आध्यात्मिक और गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह ऐतिहासिक अवसर परम पूज्य महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज के सान्निध्य में और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। *यह आयोजन इस दृष्टि से भी अत्यंत विशेष बन गया क्योंकि यही दिन श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिवस भी है। इस पावन अवसर पर यह गुरुकुल श्री श्री जी के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, जिससे इस संस्थान को दिव्यता और ऊर्जा की विशेष प्रेरणा प्राप्त हुई। यह गुरुकुल भारतीय सनातन परंपरा को युगानुकूल स्वरूप में स्थापित करने का एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। यहाँ विद्यार्थियों को चारों वेद – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद – का गहन अध्ययन कराया जाएगा। इसके साथ ही उपनिषद, वेदांग, धर्मशास्त्र, दर्शन, व्याकरण, ज्योतिष, आयुर्वेद, योग, संगीत, कला और जीवन मूल्यों पर आधारित विविध शिक्षाएं दी जाएंगी। इस गुरुकुल की एक विशेषता यह भी होगी कि यहां वेद और शास्त्रों के साथ-साथ शस्त्रविद्या, धनुर्विद्या, आत्मरक्षा और नेतृत्व कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। यह गुरुकुल आर्ट ऑफ लिविंग की देखरेख में संचालित होगा, और इसका प्रत्येक सूत्र श्री श्री जी के दिव्य दृष्टिकोण से प्रेरित है। शिक्षा, साधना और सेवा के जो आदर्श श्री श्री जी ने जीवन में स्थापित किए हैं, वही इस गुरुकुल की शिक्षापद्धति और संस्कृति में परिलक्षित होंगे। श्री श्री रविशंकर जी ने इस अवसर पर महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज द्वारा देशभर में किए जा रहे धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह गुरुकुल वैदिक ज्ञान, सनातन मूल्यों और सेवा भावना को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में एक प्रभावशाली भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।



महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि यह गुरुकुल उत्तर भारत का एक विशिष्ट वैदिक शिक्षण केंद्र बनेगा, जहां विद्यार्थी न केवल सनातन धर्म के सिद्धांतों में पारंगत होंगे, बल्कि वे भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में भी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा वही पूर्ण है जो व्यक्ति में ज्ञान, संस्कार, आत्मबल और सेवा का भाव उत्पन्न करे – और यही इस गुरुकुल का उद्देश्य है। यह संस्थान राजस्थान के दौसा जिले स्थित श्री घाटा मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाएगा, जो वर्षों से धार्मिक और सामाजिक उत्थान के कार्यों में संलग्न है। इस गुरुकुल के माध्यम से सनातन संस्कृति की जड़ें और गहरी होंगी तथा युवा पीढ़ी को वैदिक गौरव से जोड़ा जाएगा।


## 97.2 प्रतिशत के साथ नीरजा मोदी के नव्य रहे स्कूल टॉपर




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल के प्रथम बैच के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गुणवत्तापूर्ण परिणाम दिए। कक्षा 12वीं के नव्य शर्मा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार को गोरवार्न्वित किया है। इस परिणाम मे कक्षा 12वीं के नव्य शर्मा ने अंग्रेजी में 99, पॉलिटिकल साइंस में 98, साइकोलॉजी में 98, हिस्ट्री में 96, फिजिकल एजुकेशन में 95 अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार मेहुल माली ने साइकोलॉजी में 99 अंक व प्रज्ञा वाघेला ने अंग्रेजी में 97 प्राप्त किये । कक्षा दसवीं की तनिष्का ताहपुरिया ने सोशल साइंस में 99, साइंस में 96 अंक व शैली मौर्य ने आईटी में 95 अंक प्राप्त कर विषयों पर अपनी दक्षता प्रमाणित की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरपर्सन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों की टीम तथा अत्याधुनिक शिक्षण सुविधाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं।

## सी.बी.एस.ई. परीक्षा में डी पी एस, उदयपुर के विद्यार्थियों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा एवं कक्षा 10वीं व 12वीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। सत्र 2024-25 की परीक्षा में कला संकाय में अवनी दुग्गड़ (99:), नतान्या प्रभाकर (97:), अदिति कुमार (96.8:), रिया यादव (96.2:), रिया सालवी (95.4:) ने क्रमश: विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अथर्व व्यास (96.8:), झेलम मुखर्जी (96.2:), कुंज हरयानी (95.6:), झूलन मुखर्जी (94.8:) एवं भवी पारिख (93.2:), ने श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को गौरव प्रदान किया है। वाणिज्य संकाय में कृषि चौधरी (98.2:), रुद्र सुराणा (97.4:), अदिति माहेश्वरी (96.8:), हीर राठौड (96.2:), अयुर्वी सक्सेना (96:) अंक प्राप्त कर बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम फहराया। कक्षा बारहवीं के कुल 18 छात्रों ने 95 प्रतिशत एवं कुल 42 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। तीनों संकायों के कुल 189 सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं 43 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर समूचे शहर में विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर. 99.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर ज़ारा अट्टारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 97.8: प्रतिशत अंकों से आरव शर्मा ने द्वितीय स्थान, 97.6: अंकों से दिविशा गुप्ता और हृदय दक ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं संपूर्ण उदयपुर संभाग का गौरव बढ़ाया है। अन्य विद्यार्थी प्रतिष्ठा खण्डेलवाल (97.4:), मान्यता कुमावत (97:), विहान पालीवाल (96.8:), साध हुसैन (96.2:), लावन्या मेहरोत्रा (96:), शिवांश (96:) एवं अर्श गांधी ;96:) अंक हासिल किए। विद्यालय प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कक्षा 10वीं व 12वीं दोनों में विद्यालय का परिणाम हमेशा की तरह सर्वश्रेष्ठ रहा है। छात्रों की इस सफलता से विद्यालय अति गौरवान्वित हुआ है।

## आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन

### राउमा विद्यायल भाड़ंग में बच्चों ने सीखी आपदा में बचाव की कला



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव भाड़ंग के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सोमवार को हुए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था प्रधान रामनिवास बेनीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर चुरु, उपखंड अधिकारी तारानगर राजेंद्र कुमार और सीबीईओ सुमन जाखड़ के आदेशों की पालना में राउमावि भाड़ग (तारानगर) में आपातकालीन परिस्थितियों में घायल व्यक्तियों की सहायता तथा आग बुझाने आदि की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। स्काउट गाइड तथा विधार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में धैर्य तथा संयम के साथ घायल व्यक्तियों की सहायता का प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन प्रभारी अशोक कुमार तथा देवकरण के सानिध्य में आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से विधार्थियों ने घायलों को स्थानीय संसाधनों से स्ट्रेचर तैयार प्राथमिक उपचार पश्चात एम्बुलेंस तक पहुंचाने की विद्या को जाना। इसके पश्चात प्रभारी हजारीमल और मोहनलाल के नेतृत्व में स्काउट गाइड तथा विद्यार्थियों ने अचानक आग लगने पर मिटी और पानी से बुझाने का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। संस्था प्रधान रामनिवास ने बताया कि विद्यालय स्टाफ के सहयोग से विधार्थियों और स्काउट गाइड के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपातकालीन परिस्थितियों में सेवा और सहयोग तथा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। विद्यार्थियों और स्टाफ ने कड़ी मेहनत से इस प्रशिक्षण के आयोजन में भूमिका निभाई। इस अवसर पर शेरसिंह, योगेश कुमार, रामलाल, मुरारीलाल परिहार,रोशनी, शर्मीला, प्रधुमन सिंह, धर्मपाल, राकेश कुमार उपस्थित थे।

## बंशीवाल मानव सेवा समिति द्वारा कार्यालय के पास पेड़ों पर पक्षियों को बांधे परिंडे



बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन( नि.स. )।** बंशीलाल मानव सेवा समिति में तेज चिलचिलाती धूप और बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए पक्षियों के लिए कार्यालय के आसपास पेड़ों पर परिंदे बांधे और उस जगह पर स्थानीयों लोगो को प्रतिदिन देखभाल का संकल्प भी दिलाया। समिति के अध्यक्ष डॉ हेमन्त बंशीवाल (पीरनगर वाले) ने बताया कि पक्षियों की प्रजाति लुप्त होती जा रही है जिसमें मानव जीवन का एक हिस्सा पक्षी दिखना भी दुर्लभ हो गया है जो प्रजाति बची हुई है उनके देखभाल के लिए परिंदे व पौधा रोपण आदि कार्य किया जाना चाहिए। इस मौके पर भगवान सिंह पीरनगर, डब्बू, रघुवीर, सोरन सिंह, अतर सिंह, राजेंद्र ,रतन सिंह सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस पर ग्राम पाथरेड़ी में विचार संगोष्ठी

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम पाथरेड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित विचार संगोष्ठी में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, शिक्षकों और छात्रों ने पौधों के स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. डी. के. बैरवा ने पौधों में कीट और बीमारियों के जैविक प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैविक तरीके अपनाकर पौधों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। अधिष्ठाता डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पौधों के अच्छे स्वास्थ्य से जैव विविधता बनी रहेगी। कार्यक्रम में डॉ. विष्णु शंकर मीणा ने कहा कि पौधों के स्वास्थ्य में सुधार से देश में भुखमरी की समस्या को कम किया जा सकता है। डॉ. पार्वती दिवान ने उर्वरकों के सही उपयोग पर जोर दिया, जबकि सुशीला ऐचरा ने मिट्टी के स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। छात्रों ने भी पौधों के स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. प्रवीण पिलानिया ने अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## बिजली लाइन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत : बिजली विभाग देगा 5 लाख मुआवजा और सरकारी योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कुंभलगढ़ में कणुजा पंचायत के देवड़ो की भागल में टूटी बिजली की लाइन से करंट लगने से एक व्यक्ति और उसकी भैंस की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमर सिंह (42) पुत्र हेम सिंह के रूप में हुई है। सोमवार शाम को अमर सिंह अपने खेत में भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। तार की चपेट में आने से अमर सिंह और उनकी भैंस दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।घटना के बाद केलवाड़ा पुलिस ने शव को सीएचसी की मॉर्च्यूरी में रखवाया। परिजनों ने सरपंच राकेश जैन के नेतृत्व में मुआवजे की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। मंगलवार सुबह परिजन और ग्रामीण केलवाड़ा थाने पहुंच गए। उपखंड अधिकारी नीलम लखारा, पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह राठौड़, एवीवीएनएल के सहायक अभियंता चेतन शर्मा और थाना अधिकारी विशाल गवारिया ने स्थिति को संभाला। विद्युत विभाग की ओर से 5 लाख रुपए के मुआवजे और राज्य सरकार की अन्य सहायता योजनाओं का लाभ देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया ।इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह पवार, चारभुजा थाना अधिकारी प्रीति सिंह, पूर्व सरपंच मदन सिंह और खेमसिंह भी मौजूद रहे।

## जैविक खेती से सफलता की नई ऊंचाइयां : नीतीश और लेखराम की प्रेरणादायक कहानी

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा के पास स्थित गोवर्धनपुरा ग्राम निवासी नीतीश और हरियाणा के नांगल चौधरी निवासी लेखराम ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एक अनोखा फैसला लिया। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़कर जैविक खेती शुरू करने का निर्णय लिया। आज उनकी कंपनी यूबी ऑर्गेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की मार्केट वैल्यू 17 करोड़ रुपये है। लेखराम और नीतीश ने 2013 में जैविक खेती शुरू की थी। उन्होंने मध्यप्रदेश के किसान ताराचंद बेलजी की तकनीक टीसीबीटी को अपनाया। इस तकनीक में प्राकृतिक तरीके से खेती की जाती है, जिसमें पंच महाभूतों को शुद्ध रखते हुए बिना रासायनिक खाद और कीटनाशक के पैदावार ली जाती है। आज वे 350 एकड़ में जैविक खेती कर रहे हैं और उनकी फर्म सालाना 5 करोड़ रुपये के टर्नओवर तक पहुंच गई है। वे जैविक खेती के साथ पशुपालन भी करते हैं और अपने प्रोडक्ट को राजस्थान और गुजरात में बेचते हैं। वे युवाओं को जैविक खेती और पशुपालन को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और उन्हें खेती को आधुनिक तरीके से बिजनेस की तरह करने की सलाह दे रहे हैं। उनकी कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो खेती में अपना करियर बनाना चाहते हैं। जैविक खेती से उत्पादित खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। यह खेती पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इसमें रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता है। जैविक खेती से किसानों को अधिक मुनाफा मिल सकता है, क्योंकि जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। जैविक खेती और पशुपालन को अपनाकर युवा अपना करियर बना सकते हैं। खेती को आधुनिक तरीके से बिजनेस की तरह करने से अधिक मुनाफा मिल सकता है। जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है, इसलिए युवा इस क्षेत्र में अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।



## विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मंगलवार को क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजसमंद नगर परिषद क्षेत्र में निर्माणाधीन सभागार, ग्राम पीपली आचार्यान में सांसद निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा मोही पंचायत क्षेत्र में प्रगतिरत विकास कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय नगर परिषद एवं कार्यकारी अधिकरण के अधिकारी, संबंधित कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कार्य स्थलों पर परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं ।पीपली आचार्यान में सांसद विकास निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का कार्य लंबे समय से रुका होने पर विधायक ने रोष व्यक्त किया एवं संबंधित विकास अधिकारी को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए ।निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जिला खनिज प्रतिष्ठान से पीपली बाईपास, बड़लिया से बस स्टैंड तक सड़क निर्माण को शीघ्र स्वीकृति दिलाने तथा सोनियाणा से पीपली तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया ।इसके साथ ही उन्होंने खेम सागर को अमृत सरोवर योजना में जोड़ने का आश्वासन भी दिया। पूर्बीया मोहल्ला में सामुदायिक भवन के विस्तार हेतु 10 लाख रुपये तथा साड़ीवाल मोहल्ला में सामुदायिक भवन के विस्तार हेतु 7 लाख रुपये की घोषणा की गई ।इस अवसर पर पूर्व सरपंच महेश आचार्य ने विद्यालय में विज्ञान संकाय प्रारंभ करने एवं बालिका विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र खोलने की मांग विधायक के समक्ष रखी ।निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, सम्पत नाथ, मण्डल उपाध्यक्ष लालूराम पूर्बीया, उप सरपंच मुकेश कुमावत, बूथ अध्यक्ष दीपक मेलाना, बाबूलाल सेन, बाबूलाल पूर्बीया, श्यामलाल टाक, मनीष आचार्य, कुंवर विनोद आचार्य, हरीश आचार्य, किशनलाल कुमावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नारायणपुर में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)।** जीवन बचाओ आंदोलन एवं शंकरा आई अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में नारायणपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीएचसी प्रभारी डॉ पूरण मल चौधरी ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ चौधरी ने कहा कि मोतिया बिंद से मरीज की जिंदगी में अंधेरा छा जाता है। जिसके चलते उसे बेहद कष्टमय जीवन जीना पड़ता है। शिविर संयोजक नित्येन्द्र मानव ने कहा कि कोटपुतली बहरोड़ जिले अंधता मुक्त जिला बनाने की दिशा में वो उनकी टीम अनवरत प्रयासरत है। हम किसी भी स्थिति में जिले को अंधता मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य अर्जित करके रहेंगे। मानव ने बताया कि उनकी टीम द्वारा महीने के प्रथम मंगलवार को विराटनगर कस्बे के राजकीय अस्पताल में और दूसरे सप्ताह को नारायणपुर कस्बे के राजकीय अस्पताल में लगातार नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। मानव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर शिविरों की संख्या और बढ़ा दी जाएगी। शिविर में 60 लोगों का चेकअप किया गया।

# संजयनगर भट्टा बस्ती में अतिक्रमण पर हाईकोर्ट की दहलीज़ पर पहुंची शांति विकास समिति, जनहित याचिका दाखिल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** संजयनगर भट्टा बस्ती इलाके में अतिक्रमण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शांति विकास समिति ने राजस्थान हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर अतिक्रमण हटाने और अधूरी राजीव आवास योजना को पूरा कराने की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष पप्पु कुरैशी ने यह याचिका एडवोकेट सैयद सआदत अली के माध्यम से दायर की है। याचिका में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि स्थानीय विधायक के गठजोड़ के चलते कॉलोनी में अवैध कब्जे हो रहे हैं। याचिका के मुताबिक, यह कॉलोनी राजीव आवास योजना के तहत स्वीकृत की गई थी। करीब 400 करोड़ रुपये की इस योजना के अंतर्गत 12,000 मकानों का निर्माण प्रस्तावित था। 2013 में केंद्र सरकार ने इसके लिए सर्वे सूची जारी की थी, लेकिन 2015 में काम रोक दिया गया। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से पहले 50 हजार रुपये की सिक्योरिटी राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने साफ कहा है कि राशि जमा होने के बाद ही मामले की सुनवाई होगी। शांति विकास समिति की मांग है कि बस्ती से अतिक्रमण हटाया जाए और सरकार अधूरी पड़ी योजना को शीघ्र पूरा कर आमजन को लाभ पहुंचाए। अब देखने वाली बात होगी कि कोर्ट इस मामले में अगला कदम क्या उठाता है।

# विश्व संवाद केन्द्र फाउण्डेशन द्वारा नारद जयंती व पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

## पत्रकारिता में खोज और अन्वेषण मूल्यों का अधिकाधिक समावेश होः राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि पत्रकारिता में खोज और अन्वेषण मूल्यों का विकास जरूरी है। उन्होंने इज़राइल के अपने यात्रा संस्मरण सुनाते हुए कहा कि वहां पत्रकारिता में शोध को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया जाता है। पत्रकारिता में यह दृष्टि अपनाई जाए। उन्होंने भारतीय शोध का अधिकाधिक पेटेंट करवाने का भी आह्वान किया।




राज्यपाल बागडे मंगलवार को विश्व संवाद केन्द्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित नारद जयंती व पत्रकार सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौखिक मीडिया की प्रासंगिकता कई बार दूसरे मीडिया से अधिक होती है। महर्षि नारद इसी मीडिया से जुड़े थे। उन्होंने पीओके के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि यह उस समय की ऐतिहासिक भूल थी। उन्होंने कहा कि पीओके निर्माण का पाप लार्ड माउंटेन बेटेन का था।

उन्होंने कहा कि भारत में बाहरी आक्रांता इसलिए हावी रहे कि हमारे यहां आंतरिक एकता का अभाव था। एक राजा दूसरे राजा की मदद नहीं करता था। उन्होंने कहा कि भारत बदल रहा है। उन्होंने राष्ट्र भक्ति, सावरकर और भारत पाकिस्तान सम्बन्धों की चर्चा करते हुए कहा कि देश प्रेम का जज्बा बदले भारत की सुनहरी तस्वीर है।

राज्यपाल ने महर्षि अरविंद की चर्चा करते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने उनके दर्शन की विशेष रूप से 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में चर्चा की है। अरविंद ने बच्चों की बौद्धिक क्षमता कैसे बढ़ें, इसी पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि लार्ड मैकाले द्वारा भारत को मानसिक रूप से गुलाम बनाए रखने के लिए अंग्रेजी शिक्षा का प्रसार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति इसी आलोक में लागू की है कि बच्चे भारतीय ज्ञान की परंपरा से जुड़े और उनकी बौद्धिक क्षमता का विकास हो।

राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति का परिणाम अभी नहीं आयेगा, दस बीस सालों में दिखेगा। आने वाले समय में देश की बौद्धिक और नैतिक प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि याद रखें जो देश अपना इतिहास भूलते हैं, वे राष्ट्र का भूगोल भी भूलने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि 1150 में भास्कराचार्य ने लीलावती नाम का ग्रन्थ लिखकर बता दिया था कि गुरुत्वाकर्षण के कारण पृथ्वी और आकाश में परस्पर आकर्षण रहता है। इसी शोध को न्यूटन के नाम से हम जानते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पर विश्वास के लिए अपने आत्म में झांकना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि नारद जयंती पत्रकारिता के मूल्यों से जुड़ी है। नारद जी तीनों लोकों में हर प्रकार की सूचनाओं का आदान प्रदान मौखिक करते थे। यही तब की पत्रकारिता थी। इससे पहले उन्होंने विभिन्न वर्गों में पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि जो पत्रकार सम्मानित हुए हैं, वे समाज के लिए अनुकरणीय हैं।

इससे पहले मुख्य वक्ता पाञ्चजन्य के संपादक हितेश शंकर ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में भारत की नैतिकता की विजय हुई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की बहुत कुशल और प्रभावी रणनीति की विश्वभर में सराहना हुई है। उन्होंने इस दौरान भारत और पाकिस्तान मीडिया में पत्रकारिता की रही दृष्टि की भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डा. हेमंत सेठिया, चैन सिंह राजपुरोहित ने भी विचार रखे।

# एएमयू से डॉ. मोहम्मद हनीफ शाह ने प्राप्त की पीएचडी, गांव में हर्ष की लहर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** नजदीक बागावास अहिरान गांव के डॉ. मोहम्मद हनीफ शाह ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. हनीफ ने पादप संरक्षण विभाग में 'चावल में जड़ गांठ सूत्रकृमि की रोकथाम और सूखा सहिष्णुता में ट्राइकोडर्मा प्रजाति का प्रभाव' पर शोध कार्य पूरा किया। उनका शोध कार्य प्रोफेसर मुजीबुर रहमान खान के निर्देशन में हुआ और साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ। डॉ. हनीफ को 'यंग प्लांट पैथोलॉजिस्ट अवार्ड' और 'एक्सीलेंस ऑफ रिसर्च अवार्ड' से नवाजा गया। डॉ. हनीफ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और परिवार को दिया। उनकी इस उपलब्धि से गांव में हर्ष और गर्व है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



# पूराने भवन के मलबे के निस्तारण के लिए नगर निगम से करें सम्पर्क




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने उन सभी भवन निर्माण कर्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि अपने पुराने भवन को तोड़ कर नवीन भवन का निर्माण कर रहे है तो भवन तोड़ने के पष्चात् शेष रहे मलबे के उचित निस्तारण के लिए नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हेरिटेज से अवष्य सम्पर्क करें। उन्होंने कच्चे फुटपाथो को कंकरिट के स्थान पर इन्टरलाकिंग टाईल्स का प्रयोग करें ताकि बरसात के मौसम मे सड़को का पानी धरती में चला जाए और सड़को को बरसाती नाले बनने से बचाया जा सके। जिला कलक्टर ने एन्टी स्मॉक गन को उचित स्थान पर लगाने के निर्देष दिए हैं।

वही उन्होंने आमजन से कचरा, कचरा-पात्र में डालने या कचरा संग्रहण वाहन में करने की अपील की है ताकि शहर स्वच्छ बनाया जा सकें। यहां सड़को पर सड़क किनारे कचरा डाला जा रहा है वहां उस कचरे को साफ कर धार्मिक महत्त्व पौधे लगाकर शहर को हरा भरा बनाने के निर्देष नगर निगम के अधिकारियों को दिए है।

उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्लास्टिक न सिर्फ मानव, पषु-पक्षियों के लिए ब्लकि प्रकृति के लिए भी घातक हैं। इससे नदि नाले अवरूद्ध हो जाते है जिससे शहर में जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है इसलिए उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने के लिए अवैध रूप से विक्रय हो रही प्लास्टिक के जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देष नगर निगम के अधिकारियों को दिए है। जिला कलक्टर ने इलैक्ट्रिक वाहनो के चार्जिंग पॉइन्ट लागाने हेतु पेट्रोलियम कम्पनियों से सम्पर्क करने के निर्देष परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए है।

इस दौरान बैठक में वी.केतन कुमार, उप वन संरक्षक जयपुर, मनफूल बिश्नोई उप वन संरक्षक वन वर्धन जयपुर ओमप्रकाश शर्मा, उप वन संरक्षक वन्यजीव जयपुर एवं विभिन्न विभागों यथा शिक्षा विभाग, नगर निगम, जे. डी. ए., खनिज विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, रा. राज्य प्रदूषण नियंत्रण, जल संसाधन, खेल, आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आंपरेशन सिंदूर सफल होने पर प्रार्थना



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम खेड़की मुक्कड में वंदे मातरम कार्यक्रम समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में जीण माता के मन्दिर में आंपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शोर्य, पराक्रम की वजह से पाकिस्तान के आंतकवादी को उनके घर में घुसकर मोत के घाट उतारा व भारतीय सेना ने तिरंगा की ताकत दुश्मन को दिखा दी ओर दुश्मन को भविष्य में चेतावनी दी कि आंतकवादी को घर में घूस कर मारेंगे जीण माता से सभी ने हाथ जोड़कर विनती करी कि मां आपका आशीर्वाद हमेशा इस तरह से बना रहे आपके अनेक रुप है एक रुप में आप दुष्टों का संहार करने वाली है जीण माता मेरे देश के सेना के जवानों को इतनी ताकत दे कि उनका शरीर बज्र के समान हो जायें मेरे देश काहर भारतीय सेना का जवान दुश्मन देश के 1.25 लाख सैनिकों के समान हो इस अवसर पर भारत माता की जय, भारतीय सेना जिन्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे इस अवसर पर जीण माता मंदिर के पुजारी महावीर पुजारी, छीतर नेता, माडा राम उप सरपंच, मानसिंह शीशराम, अमर सिंह, पथवी सिंह, मनोहर लाल, हीरालाल, धर्मेन्द्र, भरत लाल, जगदीश पुजारी, यादराम, चिरंजीलाल, शहीद देशराज के भाई यादराम इत्यादि रहे मौजूद।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में कनिष्का ठाकुर ने 96.80 प्रतिशत अंक हासिल कर फुलेरा का नाम रोशन किया

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा ( नि.स. )।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को कक्षा 12 वीं का रिजल्ट घोषित किया। जिसमें फुलेरा के गणेश नगर विस्तार की निवासी कनिष्का ठाकुर कक्षा वीं में 96.80 प्रतिशत अंक हासिल कर फुलेरा का नाम रोशन किया।

इस दौरान छात्रा कनिष्का ठाकुर का परिजनों एवं कॉलोनी वासियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। काबिले गौर हैं कि छात्रा कनिष्का ठाकुर फुलेरा सेंट इंसलम सी.सै.स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने अपने नाना नानी के पास रहकर पढ़ाई की हैं।

### सीबीएसई के रिजल्ट में छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

# दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने 97 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करके परचम फहराया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल (सीबीएसई) के 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ उत्कृष्ट अंक अर्जित करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्र निलय बंसल पुत्र राज बंसल ने 97.20 प्रतिशत, अग्रिम बंसल पुत्र अनुराग बंसल ने 96.00 प्रतिशत, याशिका यादव पुत्री प्रशांत कुमार यादव ने 95.00 प्रतिशत अंक अर्जित करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सार्वजनिक शौचालय का हाल बेहाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** इन दिनों जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सार्वजनिक शौचालय का हाल बेहाल है। सार्वजनिक शौचालय इतना गंदा एवं बदबूदार है कि दरवाजे के पास खड़े भी नहीं रहा जा सकता। शौचालय में गुटकों के पाउचों का ढ़ेर लगा हुआ है। यूँ तो यह जिला कलक्टर कार्यालय का सार्वजनिक शौचालय है लेकिन स्थिति बदहाल है। सरकार एक तरफ तो स्वच्छता अभियान चलाती है। दूसरी और कलक्टर कार्यालय की धरातल पर स्थिति सबके सामने है। अभी पिछले दिनों ही जिला कलक्टर का नया कार्यालय का उद्घाटन हुआ था, लेकिन सार्वजनिक शौचालय का हाल बेहाल है। शौचालय के अंदर जाना तो दूर शौचालय के दरवाजे के पास कोई खड़ा भी नहीं रह सकता।

# जेडीए ने लालकोठी में सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-03 में लालकोठी योजना सी-ब्लॉक में करीब 12 करोड़ रूपयें की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-03 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लालकोठी योजना सी-ब्लॉक भूखण्ड संख्या सी-70 में करीब 400 वर्गगज बेशकीमती सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बने 02 कमरें, कोठरी, बाउण्ड्रीवाल, लोहे का गेट लगाकर अवैध कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-03 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 12 करोड़ रूपये है।

# अनीमिया मुक्त राजस्थान 'शक्ति दिवस' मनाया

## बीसीएमओ ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को अनीमिया मुक्त राजस्थान ''शक्ति दिवस'' मनाया गया। शक्ति दिवस का आयोजन प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वा0 केन्द्रो, हैल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, सीएचसी, पीएचसी व राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर किया जाता है। बीसीएमओ ने मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भालोजी, शहरी पीएचसी नागाजी की गौर समेत विभिन्न उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने हीटवेव व लू तापघात एवं मौसमी बीमीरियों को देखते हुये स्वास्थ्य केन्द्रों पर आगामी 03 माह का दवाईयों का स्टॉक रखने एवं रिकॉर्ड संधारण करने व नियर एक्सपायरी दवाईयों का समय पर नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही अनीमिया मुक्त राजस्थान ''शक्ति दिवस'' अभियान का निरीक्षण करते हुये कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अनीमिया की पहचान प्रारम्भिक अवस्था में कर अनीमिया की दर को कम करना है। शक्ति दिवस पर अनीमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जाँच व अनीमिया का उपचार, आयरन की टेबलेट्स का वितरण एवं अनीमिया संबंधी जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु गतिविधियां आयोजित की गई। बीसीएमओ ने एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत दवाईयों की उपलब्धता एवं रिपोर्टिंग आदि की भी समीक्षा की।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी मौसमी बीमारियों व हीटवेव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। चिकित्सा संस्थान पर गणवेश एवं आईडी कार्ड के समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। वार्डो में मरीजों के लिये पंखा, वाटर कूलर, एयर कूलर, बिजली, पानी, मरीजों के बैठने की माकूल व्यवस्था की जांच की। साथ ही एमएनडीवाई स्टोर की जांच करते हुये तीन माह का पर्याप्त दवाईयों का स्टॉक है की जानकारी ली।


# OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PHED CIRCLE TONK

No. 1486 Date : 12.05.2025

**Corrigendum (NIT No. 05-08/2025-26)**

In Continuation to this office NIT 05-08/2025-26 issued vide this office letter No. 715-722 dated 16.04.2025 following amendments are hereby issued for NIT No. 05-08/2025-26:-

| S. No. | NIT No. | As per NIT | | To be Modified |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5/2025-26 | 1. Last Date & time for online submission of Tender | 12.05.2025 up to 18:00 Hrs. | 20.05.2025 up to 18:00 Hrs. |
| 2 | 6/2025-26 | 2. Document physically submission | 13.05.2024 at 14:00 Hrs. | 21.05.2024 at 14:00 PM |
| 3 | 7/2025-26 | 3. Date of opening of Technical Bid | 13.05.2024 at 16:00 Hrs. | 21.05.2024 at 16:00 Hrs. |
| 4 | 8/2025-26 | | | |

Rest condition of Tender Document shall remain same.

**(Rajesh Kumar Goyal)**
**Superintending Engineer**
**PHED Circle Tonk**

## सम्पादकीय

मनुष्य का अस्तित्व कोई अकेले के बस की बात नहीं है। अन्य या दूसरे के साथ सहअस्तित्व जीवन जीने के लिए अनिवार्य है। भारत सतत रूप से एक शांति का आकांक्षी देश ही सिद्ध होता है। वह दूसरे देशों पर आधिपत्य स्थापित करने या कब्जा जमाने की जगह शांति चाहता रहा है। अन्य देशों के साथ परस्पर सहयोग और समर्थन पाने की इसकी चाह रही है। इसी नीति के अनुसार भारत द्वारा आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक-दूसरे से परस्पर जुड़ने के प्रयास को सदैव प्राथमिकता दी गई। कलह और संघर्ष में भारत की कभी रुचि नहीं रही। अपने पड़ोसी देशों की ओर से भी भारत इसी भावना की कामना करता रहा है। ऐसी नीति और आचरण के परिप्रेक्ष्य में ही हमारी विदेश नीति भी निर्धारित होती रही है। इसी अपेक्षा के साथ स्वतंत्र भारत शुरू से राजनय में अपने कदम बढ़ाता रहा है, किंतु दूसरों को अपनी ही तरह समझना खामखयाली साबित हुई। इतिहास गवाह है कि इस तरह की नीति के चलते भारत को कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा।

# सरकारी आतंकवाद का पर्याय पाकिस्तान, सेना और आतंकियों का मेल

स्वतंत्र भारत का एक दशक बीतते-बीतते पड़ोसी चीन द्वारा भाई-भाई के दिखावटी रिश्तों की आड़ में धोखा दिया गया। पाकिस्तान हमारा दूसरा ऐसा पड़ोसी देश है, जो स्वतंत्र होने के बाद से ही लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। आतंकवाद, अलगाववाद तथा उग्रवाद को बढ़ावा देना और गतिरोध पैदा करना पाकिस्तान का मुख्य काम रह गया है। पाकिस्तान अपने जन्म के साथ ही भारत के साथ पट्टीदारी जैसी मानसिकता के साथ अविश्वास और द्रोह की भावना रखता आया है।

युद्ध छेड़ने के अलावा पाकिस्तान की ओर से भारत की सीमा पर शत्रुता भरी छोटी-बड़ी घटना रह-रहकर अंजाम दी जाती रही है। इसके बावजूद भारत पाकिस्तान के साथ संवाद और सहयोग के लिए सदा तत्पर रहा, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से नकारात्मक रवैया अपनाया जाता रहा है। साथ ही वह भारत के बारे में दुष्प्रचार के साथ छद्म युद्ध भी चलाता रहा है। इसका दुष्परिणाम भी उसे भुगतना पड़ा है। वहां के प्रधानमंत्री लगातार हत्या या फांसी के शिकार होते आए हैं।

एक लंबे समय से पाकिस्तान के अनेक प्रांत अपनी समस्याओं के चलते अलगाववादी राह भी अपनाते रहे हैं। आजकल बलूच समुदाय द्वारा स्वतंत्रता की मांग जगजाहिर है। सच कहें तो आंतरिक अस्थिरता और आपसी मनमुटाव जैसे मुद्दों से वहां की सरकार लगातार जूझ रही है। इसी स्थिति में आतंकवादी तत्व भी सक्रिय होते रहते हैं, जो पाकिस्तान के अंदर और बाहर आतंक मचाने का काम करते हैं। इनके अलग-अलग स्रोत हैं, परंतु इन सबके ऊपर पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवाद को जायज मानकर अपनाना और पोषित करना खतरनाक पहल है। गत दिनों पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह बात खुद स्वीकारी। यह किसी भी सभ्य सरकार के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

पाकिस्तानी सरकार और वहां की सेना आतंकवादी संगठनों को धन, प्रशिक्षण और साजो-सामान से लैस कर तरह-तरह से प्रश्रय देती रही है। ये आतंकवादी भारत की सीमा में आकर कायराना घटनाएं करते रहते हैं। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंकी तीनों का मेल कितना खतरनाक हो सकता है, भारत में होने वाली तमाम आतंकी घटनाएं इसके प्रमाण हैं। मुंबई, उड़ी, पठानकोट, पुलवामा और अब पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं पाकिस्तान की सरकारी दहशतगर्दी की पुष्टि करते हैं। पुलवामा हमले की जिम्मेदारी तो उसके एक शीर्ष सैन्य अफसर ने ली थी। यह अक्षम्य और अस्वीकार्य हैं। भारत सदैव आतंकवाद का विरोध करता रहा है और उसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये उसने यह

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 14 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1999 – पाकिस्तानी पत्रकार जनम सेठी की पत्रिका फ्राइडे टाइम्स की जब्ती, सदी का आखिरी विश्व कप क्रिकेट की लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में शुरुआत।
- 2001 – भारत और मलेशिया में सात समझौते।
- 2004 – डेली मिरर नामक पत्रिका ने ईराक में युद्धबंदियों पर कथित अत्याचार को दर्शाने वाली झूठी तस्वीरों के प्रकाशन के लिए ब्रिटेन से माफी मांगी।
- 2006 – पूर्व कम्यूनिस्ट नेता गिओर्गिओ नैपोलितानों इटली के नये राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित। न्यूयार्क टाइम्स के प्रबंध सम्पादक और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ए.एम. रोसेंथल का 84 वर्ष की अवस्था में निधन। चीन ने कला के स्तर पर चल रही जालसाजी से बचने के लिए एक आयोग का गठन किया।
- 2007 – जापान ने अपने शांतिवादी संविधान में संशोधन सम्बन्धी विधेयक को मंजूरी दी।
- 2008 – टाइम्स एनआईई ने इंटरनेशनल न्यूजपेपर मार्केटिंग एसोसियेशन (इनमा) अवार्ड-2008 जीता।
- 2010 – भारत-रूस के बीच रक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हाइड्रोकार्बन, व्यापार एवं निवेश आदि में 22 समझोते हुए।

### 14 मई को जन्मे व्यक्ति

- 1657 – शम्भाजी – शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी थे।
- 1892 –अरुण चन्द्र गुहा – प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिक कार्यकर्ता।
- 1883 – अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर – प्रसिद्ध न्यायविद, अधिवक्ता और शिक्षाशास्त्री थे।
- 1923 – मृणाल सेन, भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक

### 14 मई को हुए निधन

- 1963 – डॉक्टर रघुवीर, प्रख्यात विद्वान् तथा राजनीतिक नेता
- 2010 – वृंदा करंदीकर, ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मराठी कवि
- 2011 – महेन्द्र सिंह टिकैत, किसान नेता 1978 – जगदीशचन्द्र माथुर – प्रसिद्ध नाटककार
- 2016 – कंडासामी कुप्पुसामी– तमिल विद्वान् एवं लेखक
- 1943 – अल्ला बख़्श – अंग्रेज़ी शासन के दौरान एक जमींदार, सरकारी ठेकेदार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं राजनेता थे।
- 1923 – एन.जी. चन्दावरकर – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

## विशेष आलेख

# पाकिस्तान से टेंशन के कम होने के बाद ब्रिटेन के साथ भारत की महाडील पर ध्यान देने की बारी



– अशोक भाटिया

**हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बातचीत के बाद हुआ है। इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी।**

यह समझाता एस समय म हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए।

जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए प्यार खो देगा। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में।

दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से च द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो। इसके अलावा, च में कंपनी के भीतर स्थानांतरित किए गए कर्मचारियों को तीन साल के लिए सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट दी गई है। यह योगदान दोहरे वेतन कटौती से राहत प्रदान करने के लिए किया गया है। इस प्रावधान ने ब्रिटेन से विरोध शुरू कर दिया है क्योंकि ब्रिटिश कंपनियां भारतीय कर्मचारियों पर खर्च करती हैं (लागत) स्थानीय लोगों की शिकायत है कि भविष्य में, अधिक से अधिक कंपनियां स्थानीय, यानी ब्रिटिश कर्मचारियों के बजाय स्थानान्तरण पर ब्रिटेन में भारतीय कर्मचारियों को समायोजित करना पसंद करेंगी।

विवाद के बिंदु यहीं समाप्त नहीं होते हैं। सेवा क्षेत्र में भारत में ब्रिटिश कंपनियों के प्रवेश पर कोई सहमति नहीं है। कानून और लेखा के क्षेत्र में काम करने वाली ब्रिटिश कंपनियों को अभी भी भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इन क्षेत्रों में पाठ्यक्रमों की स्थापना में ब्रिटिश योगदान और इन क्षेत्रों में दोनों देशों द्वारा अंग्रेजी का उपयोग करने की सुविधा और इन क्षेत्रों में ब्रिटेन द्वारा की गई प्रगति को देखते हुए ब्रिटेन वर्षों से इस तरह की पहुंच की मांग कर रहा है। कंपनियों को छूट देते समय, इन सेवा क्षेत्रों में भारतीय नीति तंग बनी हुई है।

# 14 मई प्रवासी पक्षी दिवस : प्रकृति के संतुलन और जीवन की निरंतरता के प्रतीक प्रवासी पक्षी



– नरेंद्र शर्मा परवाना

**प्रवासी पक्षी, जो हर वर्ष हजारों किलोमीटर की कठिन यात्राएं तय कर पृथ्वी के अलग-अलग हिस्सों में आते हैं, केवल उड़ते हुए जीव नहीं हैं वे प्रकृति के संतुलन और जीवन की निरंतरता के प्रतीक हैं। ये पक्षी मौसम, पारिस्थितिकी और जैव विविधता के अद्भुत संकेतक हैं। लेकिन आज जब हम विकास और उपभोग की अंधी दौड़ में दौड़ रहे हैं, इन पक्षियों का आकाश सिमटता जा रहा है, पेड़ कटते जा रहे हैं, जल स्रोत सूखते जा रहे हैं और शहरीकरण की दीवारें इनकी उड़ान पर भारी पड़ रही हैं। तब क्या हो जब आकाश मौन हो जाए। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मनुष्य और पक्षी के बीच पुनः संबंध जोड़ने का एक अवसर है एक संवाद, जो चेतना, करुणा और जिम्मेदारी की ओर ले जाता है। घटती आबादी- चेतावनी देती उड़ानें**

पिछले कुछ दशकों में प्रवासी पक्षियों की अनेक प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। कारण साफ़ हैं वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, शिकार, और तीव्र शहरीकरण। प्रवासी पक्षी जैसे साइबेरियन क्रेन, अमूर फाल्कन, या बार-हेडेड गीज़ अब हमारी आंखों से गायब होते जा रहे हैं। यह सिर्फ पक्षियों की नहीं, हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की भी गिरती सेहत का संकेत है। जब इनका अस्तित्व खतरे में होता है, तो हमारे जीवन की गुणवत्ता भी दांव पर लगती है।

**पक्षी और मानवः सह-अस्तित्व की उड़ान**

पक्षी न केवल जैव विविधता का हिस्सा हैं, बल्कि वे पारिस्थितिकीय चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीज फैलाना, कीट नियंत्रण, और परागण जैसे कार्यों से वे प्रकृति को संतुलित बनाए रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान इन्हें अपने खेतों के मित्र मानते हैं। वहीं पक्षियों की चहचहाहट शहरी जीवन की कठोरता में एक सजीव संगीत बन जाती है। बच्चों की कल्पना, कवियों की रचनाएं और भक्तों की प्रार्थनाएं इन सबमें पक्षी कहीं न कहीं बसे होते हैं।

**क्या कर सकते हैं हम- संरक्षण की ज़िम्मेदारी**

मनुष्य यदि चाहे तो बहुत कुछ कर सकता है। घरों की छतों पर पानी के बर्तन रखें, वृक्षारोपण करें, झीलों और जलाशयों को बचाएं, कीटनाशकों का प्रयोग सीमित करें, और सबसे ज़रूरी पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनें। शिक्षण संस्थानों और समाज में इस विषय पर जन-जागरूकता फैलाएं। हर शहर, गाँव, गली और छत एक छोटा सा प्रयास करे तो यह पृथ्वी फिर से पंखों से भर सकती है।

**एक चेतना की पुकार- जीवन सबका है**

पक्षियों का जीवन केवल उनके लिए नहीं, हम सबके लिए अनिवार्य है। वे केवल उड़ते नहीं, बल्कि हमें भी उड़ना सिखाते हैं स्वतंत्रता की ओर, सौंदर्य की ओर, सह-अस्तित्व की ओर। जब हम अपने लिए पानी की एक बूंद, छांव की एक परत और भोजन का एक अंश ढूंढ़ते हैं, तब क्या पक्षियों को यह अधिकार नहीं है? यह गर्मी, जब सूर्य अपनी तपिश फैलाए, तो एक छाया, एक कटोरी पानी और एक दाना हम भी उनके लिए रखें। यही संवेदना, यही करुणा, मनुष्य को मानव बनाती है।

**पंखों में फिर से उम्मीद भरें**

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस हमें सिर्फ पक्षियों को नहीं, बल्कि स्वयं को भी बचाने की पुकार देता है। यदि हम अपने आकाश को इनके लिए सुरक्षित नहीं रख पाए, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे अपने जीवन से भी चहचहाहट खो जाएगी। आज ज़रूरत है एक सामूहिक चेतना की, जो केवल नीतियों में नहीं, हमारे व्यवहार, हमारे आंगन और हमारे हृदय में झलके। आइए, आज एक वचन लें प्रकृति के इन पंखधारी मित्रों को वह सम्मान, सुरक्षा और स्थान दें, जो वे सदा से हमारे साथ साझा करते आए हैं।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



**प्रदीप कुमार गुप्ता**
**( अध्यक्ष अलवर पुस्तक एवं स्टेशनरी व्यापार समिति )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है खंडेलवाल सेल्स के ऑनर प्रदीप कुमार गुप्ता जिन्हें अलवर में लोग पी.के के नाम से जानते हैं। अलवर पुस्तक एवं स्टेशनरी व्यापार समिति के अध्यक्ष भी हैं इसके अलावा अलवर में होलसेल बाजार में चीन के छोटे-छोटे सामान के होलसेल विक्रेता है जिन्होंने अपने माध्यम से अनेक लोगों के घर परिवार को संचालित कर रखा है। 1 जून सन 1986 को अलवर के नारायणपुर के पास छोटे से गांव विजयपुरा में जन्मे प्रदीप कुमार गुप्ता शुरू से ही संघर्षशील व्यक्तित्व में जीए। एमए तक अपनी एजुकेशन पूरी करने के बाद व्यापार में आए और खंडेलवाल सेल्स के नाम से चर्च रोड शिवमोहन मार्केट में 2015 में अपनी छोटी सी दुकान डाली आज लोगों ने इन्हें चाईना बाजार के नाम से यहां तक की अलवर के दुकानदारों ने उनके नंबर अपने मोबाईल में चाईना बाजार के नाम से सेव किए हुए हैं। छोटी सी दुकान में लगभग 600 से ज्यादा छोटे-छोटे आइटम बेचकर पूरे जिले के कई दर्जन दुकानदारों का घर परिवार चलावा रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी के अटूट विश्वास के कारण चीन का बाजार पूरी तरह ध्वस्त हुआ है उन्होंने भारत के लोगों को जोड़कर कुटीर उद्योगों के माध्यम से चीन से बेहतर सामान अच्छी क्वालिटी का और सस्ती दर पर उपलब्ध कराया है। अच्छी क्वालिटी का सामान सस्ती रेट पर होने के बावजूद लोगों से मेड इन चाईना का टैग लगावाकर खरीदना पसंद करते हैं, क्योंकि जनता भी चाईना का सामान खरीदना ज्यादा पसंद करती है इसलिए छोटे कुटिर उघोगों की अपनी परेशानी हैं।

## कहानी – बढ़ता राजस्थान

# बुद्धि का ठेका

प्रेस-क्लब में एक साहित्यिक आयोजन था हमारे विद्वान घंटों अपनी विद्वता से साहित्य-प्रेमियों को आक्रांत करते रहे । इसी क्रम में एक विदुषी स्त्री ,जो हिन्दी-विभाग की हेड भी रह चुकी थीं ,अपने वक्तव्य के लिए माईक तक आईं। उन्होंने बोलना शुरू किया,तो सबसे अधिक वे विद्वद-जन ही आपस में बात-चीत करने लगे । मैंने पास बैठे हुए एक बड़े आलोचक ,कवि ,संपादक से पूछा -क्यों स्त्री की बात कोई सुनता नहीं ? वे तपाक से बोले-वे अच्छा बोलती ही नहीं ,बुद्धि ही कितनी होती है ? स्त्री होने के नाते बड़ा पद भले पा लें ,रहेंगी स्त्री ही ।



## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। आप लोगों से अपने काम को आसानी से निकालने में कामयाब रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके लोगों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। भाई व बहनों की मदद से आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। व्यापार में आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे। धन लाभ होगा। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आपको दूसरों के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बच्चों को अच्छा काम करते देख आपका मन खुश रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उलझनो में भरा रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**धनु**
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनकी कोई बड़ी डील फाइनल होगी। आपको कहीं भी बाहर घूमने फिरने जाने से बचना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको आर्थिक मामला में बहुत ही संभल कर चलने की आवश्यकता है, संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उनके लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कामों में खूब लगेगा। पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मीन**
आज आपको अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपका दिन बेहतर रहेगा, नहीं तो आपके खर्च अधिक रहेंगे। आपका मन कोई काम पूर्ण होने से परेशान रहेगा, लेकिन आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# भविष्य की उड़ान योजना : जीनापुर और बिलोपा विद्यालयों को जनसहयोग से मिलेगा विकास अनुदान

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अभिनव पहल 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीनापुर को 4 लाख 10 हजार तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलोपा को 2 लाख 25 हजार रुपए जनसहयोग एवं राज्य सरकार के अंशदान से प्राप्त होगा।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीनापुर प्रधानाचार्य अनीता पूनिया द्वारा 1 लाख 64 हजार रुपये तथा राउमावि बिलोपा प्रधानाचार्य सुशीला राय द्वारा 90 हजार रुपये का चेक जिला कलक्टर शुभम चौधरी को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में सौंपा गया। एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में भविष्य की उड़ान योजना के माध्यम से शिक्षा में नवाचार और संसाधन विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना से प्राप्त अंशदान का समन्वय करते हुए विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं में निरंतर सुधार किया जा रहा है।

रंग ला रहे सरकार और समाज के साझा प्रयास

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने जानकारी दी कि विद्यालय जीनापुर से प्राप्त 1.64 लाख रुपये की जनसहयोग राशि पर राज्य सरकार द्वारा योजनामद में 60 प्रतिशत अंशदान के रूप में 2.46 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि सहित कुल 4.10 लाख रुपये विद्यालय विकास हेतु प्राप्त होंगे।

इसी प्रकार, बिलोपा विद्यालय द्वारा जनसहयोग से एकत्र 90 हजार रुपये पर राज्य सरकार से 1.35 लाख रुपये का अंशदान प्राप्त हुआ है, जिससे कुल 2.25 लाख रुपये की राशि विद्यालय विकास हेतु स्वीकृत की गई है। प्राप्त राशि से विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा बाउंड्री वाल निर्माण, कक्षा कक्षों की मरम्मत, कंप्यूटर लैब की स्थापना तथा विद्यालय सौंदर्यकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए जाएंगे। इन कार्यों से विद्यालयों की आधारभूत संरचना सशक्त होगी और छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा वातावरण प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि शिक्षा में सुधार केवल सरकारी योजनाओं से ही नहीं, बल्कि जनसहयोग से भी संभव है। भविष्य की उड़ान जैसे नवाचार कार्यक्रम जिले में शिक्षा की दिशा और दशा दोनों बदलने की दिशा में एक मजबूत पहल है। इस दौरान जीनापुर विद्यालय से सुनीता त्रिवेदी, वाईस प्रिंसिपल मनराज मीना, व्याख्याता प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। बिलोपा विद्यालय से उप प्रधानाचार्य सरोज वर्मा, अध्यापक ओम प्रकाश मीना, असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश मीना, शैतान सिंह मीना, हरिसिंह मीना, विक्रम मीना एवं रामस्वरूप मीना भी उपस्थित रहे।

## एसएमएस से पता लगेगा, आरजीएचएस में कितनी राशि का बिल बना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** वित्त विभाग ने राज्य में आरजीएचएस योजना में दावों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की जाँचों व अंकेक्षण का कार्य किया है। इस जांच में खुलासा हुआ है कि कई प्रकरणों में राजकीय कार्मिक/पेंशनर्स/उनके लाभार्थी परिजनों को यह सूचना नहीं थी कि उनके आरजीएचएस कार्ड के माध्यम से वे कितना लाभ प्राप्त कर चुके हैं और कई मामलों में बिना लाभ प्राप्त किये ही उनके कार्ड के माध्यम से भुगतान दिखा दिया गया। समस्या की गहनता को देखते हुए इस सम्बन्ध में जांच और फीडबैक में पाया गया कि फार्मेसी से ली जाने वाली दवाइयों के सम्बन्ध में तो एक एसएमएस पूर्व में जाता था जिसमें दवाईयों पर होने वाले खर्च की राशि बताई जाती थी परन्तु यह एसएमएस आईपीडी/ओपीडी/डे केयर दावों के सम्बन्ध में नहीं था। अब सिस्टम में संशोधन करते हुए व्यवस्था की गई है कि लाभार्थी को अस्पताल/चिकित्सक के माध्यम से प्राप्त होने वाली आईपीडी/ओपीडी की दावे की राशि का पता लग सके। इस सम्बन्ध में शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग नवीन जैन ने बताया कि अब इस नई व्यवस्था से दोहरा फायदा होगा। पहला फायदा यह होगा कि राशि देखकर लाभार्थी अतिरिक्त बिलिंग की जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकता है, साथ ही अस्पताल अब इलाज व दवा की राशि को बढ़ा-चढ़ाकर दावा प्रस्तुत नहीं कर पायेंगे। गत दो माह से एआई तकनीक के माध्यम से लगातार आरजीएचएस सिस्टम को सुधारने का कार्य हो रहा है और इसी फीडबैक के आधार पर यह एसएमएस सुविधा प्रारम्भ की गई है। यह जानकारी लाभार्थी को उनके आरजीएचएस योजना में पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगी और यदि किसी लाभार्थी को उक्त राशि के एसएमएस प्राप्त नहीं होते हैं तो वे 181 पर सम्पर्क कर सकते हैं। वित्त विभाग ने सभी लाभार्थियों को अपने आरजीएचएस कार्ड नम्बर तथा ओटीपी किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करने की सलाह दी।

## सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी प्रक्रिया हुई शुरू

### करोड़ो की आय होने की संभावना

### व्यवसायिक भूखण्डो की निलामी को लेकर लोगो में भारी उत्साह

### उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में पालिका होने जा रही है करोड़पति

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा मुख्य मालपुरा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे अतिक्रमण से मुक्त कराई बेशकीमती भूमि पर सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मालपुरा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे अतिक्रमण से मुक्त कराई बेशकीमती भूमि पर व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से विक्रय करने की योजना बनाई। योजना के बाद मौके पर व्यवसायिक भूखण्डो की नाप चोख कर सीमाऐं तय की गई। अंत में पालिका ने 25 अप्रैल को सात व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी प्रक्रिया से विक्रय करने की सूचना जारी की। सूचना के अनुसार जो भी व्यक्ति इस ई निलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक हो उन्हें पालिका कोष में एक हजार रूपये सीधे पालिका खाते में जमा करवाने होगें। वहीं ऑनलाईन भागीदारी शुल्क व अमानत राशि मंगलवार को रात 11.59 तक जमा होगें। ई निलामी बोली 15 मई गुरूवार को प्रात: 6 बजे से प्रारम्भ होकर 16 मई शुक्रवार को रात्रि 11.59 तक लगाई जा सकेगी। वैसे सात व्यवसायिक भूखण्डो को खरीदने के लिए आम जन में बहुत उत्साह है। इस उत्साह को देखते हुए संभावना है कि इस व्यवसायिक भूखण्डो के विक्रय से भी पालिका को करोड़ो की आय होगी। मालपुरा शहरवासियो सहित सभी क्षैत्रवासियो में उपखण्ड अधिकारी की कार्यशैली को लेकर भारी चर्चा हो रही है। लोगो का मानना है कि लगभग कंगाल हो चुकी नगरपालिका उपखण्ड अधिकारी चौधरी के निर्देशन में करोड़पति नगरपालिका होने जा रही है। एक समय वो भी था कि पालिका के खाते खाली थे। पालिका के पास अस्थाई सफाई कर्मचारियो को मानदेय देने का भुगतान करने लायक भी बेलेन्स नहीं था। लेकिन एसडीएम चौधरी के निर्देशन में पालिका के करोड़पति होने की चर्चा सम्पूण्र क्षैत्र में सुनाई दे रही है।

## दो दवा विक्रेताओं का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र निलंबित

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सहायक औषधि नियन्त्रक एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी चन्द्र प्रकाश जाटव ने निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई जाने पर दो दवा विक्रेताओं का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र निलम्बित किया है। सहायक औषधि नियन्त्रक एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स प्रकाश मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर सवाई माधोपुर का खुदरा औषधि अनुज्ञापन पत्र 13 मई से 19 मई तक 7 दिन के लिए एवं विद्या मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर गंगापुर सिटी का 19 मई से 23 मई तक 5 दिन के लिए निलम्बित किया है।

## राहोली में ऑपरेशन सिन्दूर में वीरगति को प्राप्त जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की




बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत राहोली के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर कॉलोनी राहोली में ऑपरेशन सिंदूर में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में शिक्षकों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और वीरगति को प्राप्त देश के जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने ऑपरेशन सिन्दूर में वीरगति को प्राप्त जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के लिए वीरगति को प्राप्त हुए देश के जवानों कभी नहीं भुलाया जा सकता है,उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर वीरगति को प्राप्त जवानों के परिवारों को ईश्वर संयम प्रदान करे इसके लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम प्रभारी ललिता महावर ने बताया कि इस कार्यक्रम ने बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार किया है और उन्हें समझाया गया कि किस तरह देश के जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। इस अवसर पर बच्चों को ऑपरेशन सिन्दूर की विजय गाथा सुनाकर साहस,निष्ठा और देशभक्ति का जज्बा पैदा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक भँवर लाल बैरवा, शिक्षक मोनिका वर्मा, प्रियंका माली,विद्यार्थी खुशी, मनीषा , चुटकी, मनीषा फुलवाड़िया, मेहुल, शिवानी, जिया , किरण आदि उपस्थित रहे।

## जाट का प्रशासनिक अधिकारी के पद पर हुई पदौन्नति



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** पंचायत समिति मालपुरा में कार्यरत रहने के बाद जिला परिषद टोंक में अतिरिक्त प्रशासनिक पद पर कार्यरत जयनारायण जाट का प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति होने के बाद क्षैत्र के सभी कार्मिको में खुशी का माहोल है। पंचायत समिति मालपुरा में कार्यरत रहने के बाद जिला परिषद टोंक में अतिरिक्त प्रशासनिक पद पर कार्यरत जयनारायण जाट का गत दिनो ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार जाट का प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदौन्नति की गई। इस पदौन्नति के बाद क्षैत्र के सभी मंत्रालयिक कर्मचारियो में खुशी का माहोल बना हुआ है। गोरतलब है कि जाट से कनिष्ठ सहायक से अपनी राजकीय सेवा प्रारम्भ की। कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत रहने के दौरान ही जाट वरिष्ठ लिपिक, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पदपर पदौन्नति प्राप्त करने के बाद जाट अब प्रशासनिक अधिकारी का पदभार संभालेगें।

## प्रशासन और आम जन के मध्य पत्रकार बने सेतु : उपखण्ड अधिकारी चौधरी

### एसडीएम चौधरी ने मीडिया कर्मियों की मीटिंग लेकर सकारात्मक समाचार प्रकाशित कर सहयोग का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में एसडीएम अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शहर के सभी पत्रकारो की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने पत्रकारो से आव्हान करते हुए कहा कि आम जन की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने तथा प्रशासन की योजना आम जन तक पहुँचाने में पत्रकारो का बहुत बड़ा सहयोग होता है। एसडीएम चौधरी ने कहा कि नाकारात्मक समाचारो के स्थान पर सकारात्मक समाचार प्रकाशित कर क्षैत्र की जनता के प्रति अपने दायित्व व जिम्मेदारियो का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने पत्रकारो से कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारो का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसी के चलते पत्रकारो को चौथा स्तम्भ कहा जाता है। एसडीएम चौधरी ने कहा कि पत्रकारो की प्रशासन के साथ साथ आम जन के प्रति भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी बनती है। पत्रकारो द्वारा प्रकाशित समाचारो पर आम जन अधिक विश्वास करता है। इसलिए इस विश्वास पर खरे उतरने व विश्वास को बनाए रखने के लिए पत्रकार आम जन व प्रशासन के मध्य सेतु का काम करें। एसडीएम चौधरी ने मालपुरा शहर कें विकास की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रयासो व अभिशंषा अनुसार मालपुरा शहर जल्द ही विकास को गति पकड़ेगा। जिसमें मालपुरा में व्यास सर्किल के आगे डाक बंगले के पीछे से विद्युत विभाग व डेयरी के पीछे खाली पड़ी भूमि पर शीध्र नया बस स्टेण्ड बनेगा। जिसका निर्माण कार्य शीध्र शुरू होगा। साथ ही वर्तमान बस स्टेण्ड पर फल सब्जी ठेले सहित अन्य इसी प्रकार के सामान बेचने वालो के लिए स्थान निर्धारित किया जाएगा। जिससे शहर की मुख्य सड़को पर फल सब्जी के ठेले खड़े रहने से लगने वाले जाम से छुटकारा मिलने के साथ साथ आम जन को एक ही स्थान पर फल सब्जी उपूलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा भी मालपुरा शहर की अन्य कई विकास योजनाओं

## साली की शादी से पहले दो जीजा की मौत, खुशियां मातम में बदलीं

### बनास नदी में डूबने से दोनों की मौत, शादी का सामान लेने जा रहे थे खंडार

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के खण्डार थाना क्षेत्र के बरनावदा घाटे के पास बनास नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से सोमवार दोपहर दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त छाण निवासी दिलखुश बैरवा और जाखोदा निवासी विपिन बैरवा के रूप में हुई है। मृतक पारिवारिक शादी का सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में नदी में नहाने उतर गए, वही हादसा हो गया।

### सामान लेने गए थे

पुलिस ने बताया कि सिंगोरकलां निवासी राजू बैरवा की बेटी सपना के विवाह की रस्म आज होनी थी। इस दौरान बारात की तैयारी और अन्य सामान लेने के लिए सपना के दोनों जीजा दिलखुश और विपिन के साथ एक और परिजन खंडार जा रहे थे। रास्ते में तीनों बड़घाटा के सामने बनास नदी में नहाने लग गए।

### बचाने के दौरान हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाते समय एक जने का पैर फिसल गया। ऐसे में दूसरे ने उसे पकडने् की कोशिश की, लेकिन वह भी उसके साथ गहरे पानी में चला गया। इससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। उनके तीसरे साथी ने पुलिस व परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों के शवों को नदी से निकाला गया।

### खुशियां मातम में बदली

सिंगोर कलां गांव में कई दिनों से सपना की शादी की तैयारियों चल रही थी। सपना के दोनों जीजा भी बारात की आवभगत करने की तैयारियां कर रहे थे। इस दौरान हुए बनास नदी में सपना के जीजा की मौत की खबर सुनते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

# प्राधिकरण सचिव समीक्षा ने जिला जेल का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव समीक्षा गौतम ने जिला जेल सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों से मुलाकात कर अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। साथ ही शिकायत पेटिका को खोलकर बंदियों द्वारा की जाने वाली शिकायतों के संबंध में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा उनकों प्रदान मूलभूत सुविधाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं की गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।



सचिव समीक्षा गौतम ने मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं तथा बैरकों एवं कारागृह परिसर की सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा जेलर महावीर प्रसाद मीना को जेल मैनुअल के अनुसार सभी बंदियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा जेल से संबंधित सभी रजिस्टरों को नियमित रूप से अपडेट करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 88 बंदी उपस्थित पाये गए। दौराने निरीक्षण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा कारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्रदान नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई एवं उपस्थित बंदीजन को बंदियों एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) वीरेन्द्र कुमार वर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) अक्षय सिंह राजावत, डॉ. मनोज गर्ग, कंपाउंडर अशोक मीना, अधिकार मित्र रणवीर चौधरी एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

## तोमर प्रदेश कोर्डिनेटर नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के निर्देश डॉ. अरूण कुमार तोमर को केन्द्रीय कृषि मंत्रालय की ओर से संचालित किए जाने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए प्रदेश कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में भारतीय क्रृषि अनुसंधान परिषद की ओर से बताया गया कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के निर्देशन में 29 मई से 12 जूनतक समूचे देश में किसानो तक कृषि की विकसित तकनीक पहुंचाने के उद्धेश्य से कृषि संकल्प अभियान का संचालन किया जाएगा। अभियान के अन्तर्गत चार चार वैज्ञानिको के दल गांव गांव ढाणी ढाणी तक जाकर किसानो से मिलकर कम खर्चे में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की आधुनिक तकनीको के बारे में बताया जाकर किसानो से इन तकनीको का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के निर्देश डॉ. अरूण कुमार तोमर को इस अभियान को इस प्रदेश कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। तोमर के निर्देशन में प्रदेश के सभी हिस्सो में यह अभियान चलाया जाकर किसानो को विकसित किसानो की श्रेणी में लाए जाने के प्रयास किए जाएगें।





## विश्वविद्यालय आज मूर्त रूप ले रहा है, यहीं सैनिक स्कूल की जमीन आवंटित है वो शुरू हो तो अलवर को एक नई सौगात मिले- नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हल्दीना में आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले विश्वविद्यालय आज मूर्त रूप ले रहा है, यहीं सैनिक स्कूल की जमीन आवंटित है वो शुरू हो तो अलवर को एक नई सौगात मिले।

जूली बोले पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू याद आते हैं, उन्होंने देश को आगे बढ़ाने का काम किया, आतंकियों के छक्के छुड़ा दिए।

उन्होंने कहा कि मिसाइल हमारे वैज्ञानिकों ने बनाई, 18 यूनिवर्सिटी कांग्रेस सरकार ने बनवाई साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री से रिसर्च शुरू करने तथा कॉलेज शिक्षा में आरटीई की मांग भी की।

नेता प्रतिपक्ष जूली बोले रिसर्च होने जरूरी, ऑपरेशन सिंदुर सफल रहा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दीक्षांत समारोह में कहा जिनको यहां डिग्री मिली। उनके चेहरे पर वैसी ही खुशी देखी जैसे हमें चुनाव जीतने पर हुई है। ये यूनिवर्सिटी पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के प्रयासों से कांग्रेस सरकार ने बनाई है। सिंह के अथक प्रयासों से सड़क के दूसरी तरफ सैनिक स्कूल मंजूर हुआ था। आज भी सैनिक स्कूल के नाम जमीन है। यहां सैनिक स्कूल की सौगात को मौजूदा सरकार को पूरा करना चाहिए।

देश के विभाजन के समय विकास की बात थी। रिसर्च व प्रोफेसर के मसले भी आए थे। इस पर पुरानी सरकार ने काम किया। उसी के कारण ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानियों के भारतीय सेना ने छक्के छुड़ा दिए। यह सब हमारे वैज्ञानिक व सैनिकों की बदौलत हुआ है।

जूली बोले हमारी यूनिवर्सिटी में कुछ डिमार्टमेंट ओपन करने की जरूरत है। यहां रिसर्च होना जरूरी है इसके लिए कुछ फंड देने की जरूरत भी है तो मैं एमएलए कोटे से भी पैसे देने को तैयार हूं। राजस्थान में 1998 से पहले 8 यूनिवर्सिटी थी। उसके बाद 22 यूनिवर्सिटी बनी है। आज एजुकेशन को मजबूत करने की जरूरत है। आरटीई का कानून मनमोहन सिंह सरकार के समय आया। लेकिन अब कॉलेज शिक्षा में भी आरटीई लागू करने की जरूरत है। ताकि एजुकेशन सिस्टम मजबूत हो सके।

राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह आयोजित

# नई शिक्षा नीति में भारतीय संस्कृति के मूल्यों के साथ तकनीकी ज्ञान भी समाहित - राज्यपाल बागडे

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रतिभाशाली व्यक्तित्व तैयार करने के केंद्र बिन्दु हैं और यहां विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ उनके समग्र विकास पर फोकस होना चाहिए।

राज्यपाल बागडे मंगलवार को राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समारोह में डिग्री एवं उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने समारोह में छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि समाज में बदलाव आ रहा है जिससे महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए केवल परीक्षा में पास होना या डिग्री लेना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें आजीविका के लिए हुनरमंद होना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता बढने से पीढियां आगे बढती है। यही भाव नई शिक्षा नीति में समाहित है। नई शिक्षा नीति भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आधुनिक तकनीक को समाहित किए हुए है जिसको समय की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक के ज्ञान के अलावा नए-नए शोध एवं तकनीकी ज्ञान से अवगत कराए। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों की प्राथमिक स्तर से ही नींव मजबूत की जानी चाहिए। इससे बच्चों का उत्तरोतर शिक्षा के साथ समग्र विकास संभव होगा। उन्होंने इसी संदर्भ में राजस्थानी कहावत पूत पालने में सिखावे का भी उल्लेख किया। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले एवं विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में कम से कम एक-एक पौधा अपने परिजनों के नाम लगाए एवं उसकी सारसंभाल करे जिससे हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के साथ पर्यावरण का संरक्षण होगा। इस दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के परिसर में पौधारोपरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

राज्यपाल श्री बागडे ने संविधान पार्क का अवलोकन कर कहा कि संविधान पार्क से विद्यार्थी आकादमिक शिक्षा के साथ संविधानिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने समारोह में मेडल एवं उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह विद्यार्थियों को उपाधि व मेडल प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बडी सोच, विशाल हृदय व राष्ट्रसेवा की भावना के साथ देश व समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए।

पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने महाराजा भर्तृहरि की तपोभूमि पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। उन्होंने दीक्षान्त समारोह में अधिकांश उपाधियां बेटियों द्वारा प्राप्त करने पर प्रसन्नता जाहिर कर कहा कि यह समाज की सोच में बदलाव का बहुत बडा प्रतीक है।

नेता प्रतिपक्ष एवं स्थानीय विधायक टीकाराम जूली ने दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय में शोध कार्य हेतु विधायक निधि कोष से धन उपलब्ध कराने की घोषणा की।

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शील सिंधू पाण्डे ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 6175 लाख रूपये की राशि से विश्वविद्यालय परिसर ग्राम हल्दीना में नवीन कार्य जिसमें अकादमिक भवन, छात्र-छात्रा हॉस्टल, खेल मैदान, विश्वविद्यालय अतिथि गृह, राजकीय आवास निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

उन्होंने बताया कि 39 स्वर्ण पदकों में से 31 स्वर्ण पदक एवं 6 रजत पदक छात्राओं ने प्राप्त किए। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्री संजीव नैन, महाविद्यालय के सहायक कुल सचिव डॉ. आशुतोष शर्मा, विधि सहायक श्री निलेश पाण्डे एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल व अकादमिक परिषद के सदस्य तथा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी, अभिभावक एवं आमजन मौजूद रहे।

## काली मोरी अंडरपास निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर दिया धरना प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी शहर कमेटी अलवर की ओर से कालीचरण जोशी की अध्यक्षता में काली मोरी अंडरपास निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी कार्यालय अलवर में धरना दिया गया। शहर सचिव तेजपाल सैनी ने बताया कि काली मोरी अंडरपास सरकार द्वारा वर्ष 2018 में सार्वजनिक निर्माण विभाग को 3 करोड रुपए एवं कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। रेलवे द्वारा पूर्व में काली मोरी फाटक को बंद करने के कारण सरकार ने अंडरपास का विकल्प आम जनता को दिया था तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इस अंडरपास का निर्माण दिसंबर 2022 तक पूरा करना था। परंतु अभी तक कार्य पूरा नहीं किया पूर्व में रिलीविंग गार्डर भी मंगवाई जा चुकी थी व भी किसी अन्य स्थान पर भिजवाई जा चुकी है। प्रशासन पटरी पार 50 हजार की आबादी की परेशानी दूर करने में अपने आप को असमर्थ महसूस कर रहा है इस कारण अंडर पास निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहर कमेटी अलवर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने निर्णय लिया और कहा कि जब तक काली मोरी अंडरपास का निर्माण नहीं होता संघर्ष लगातार जारी रहेगा। धरने पर गजराज सिंह, राजकुमार बक्शी, सीएम बैरवा, मथुरा प्रसाद जांगिड़, सुबे सिंह चौधरी, अनंत कुमार, बाबूलाल गौड़, मनमोहन सैनी, पदम शर्मा, रमेश कालड़ा, रामबाबू शर्मा, अशोक शर्मा, राजेंद्र चौधरी, महेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार शर्मा, तिलक राज, राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## वैशाखी पूर्णिमा पर जयसिंह श्याम मंदिर में विशेष आयोजन

### भगवान को सफेद पोशाक और स्वर्ण-रजत आभूषणों से किया श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** आमेट स्थित जयसिंह श्याम मंदिर में वैशाखी पूर्णिमा पर सोमवार को विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी कैलाश शर्मा और उनके परिवार ने कार्यक्रम का आयोजन किया।भगवान जयसिंह श्याम को हरी छटा की पीछवाई में सफेद पोशाक पहनाई गई। गुलाबी पाग पर मोर पंखी और फूलों से सजावट की गई। भगवान को स्वर्ण-रजत और मोती-माणिक्य जड़ित आभूषणों से सजाया गया। शाम को आरती में नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।पुजारी कैलाश शर्मा ने स्कन्द पुराण का हवाला देते हुए बताया कि वैशाख मास को ब्रह्मा जी ने सभी महीनों में श्रेष्ठ बताया है। यह मास विष्णु भगवान को विशेष प्रिय है। इस माह में श्रद्धालु तीर्थों पर स्नान, दान और पुण्य कर्म करते हैं। वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को (बुद्ध पूर्णिमा) या (पीपल पूर्णिमा) कहा जाता है। यह दिन भगवान बुद्ध और विष्णु को समर्पित है। पुराणों के अनुसार महात्मा बुद्ध, भगवान विष्णु के नौवें अवतार हैं।

## निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा समर्पण दिवस पर बाबा हरदेव सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पित

### समर्पण केवल शब्दों से नहीं जीवन के हर करम में झलकना चाहिए

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर युक्त दृष्ट बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पुण्य स्मृति में एक भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजापिता रमित जी के दिव्य सानिध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की।समर्पण दिवस के अवसर पर अलवर निरंकारी सत्संग भवन पर जिला संयोजक सोमनाथ निरंकारी के अध्यक्षता में संत समागम का आयोजन किया गया।उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में प्रेम नम्रता एकता को अपने भीतर बसा कर ही हम सच्चा आदर करना ही समर्पण हैं।

समर्पण दिवस के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने वर्चुअल सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित किया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का जीवन हर क्षण प्रेम त्याग सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था ऐसा ही भक्ति समर्पण वाला जीवन हम सभी का हो यह समर्पण केवल शब्दों तक सीमित ना रहे बल्कि जीवन के व्यवहार में उतरे । सदगुरु माताजी ने स्पष्ट किया कि सच्चा आदर और प्रेम केवल वाणी से नहीं बल्कि कर्मों से प्रकट होता है यदि हम बाबा जी की शिक्षाओं को केवल सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं तो वह सच्चा समर्पण नहीं समर्पण का वास्तविक रूप तभी प्रकट होता है जब हम अपने भीतर जाकर और आत्मविश्वास विश्लेषण करें क्या हम वास्तव में विनम्रता क्षमा और प्रेम जैसे गुना को जी रहे हैं समर्पण दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि यह अवसर है यह सोचने का की क्या हम वाकई अपने जीवन को इन शिक्षाओं से जोड़ पाए हैं ।

समर्पण दिवस के अवसर पर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के कर कमल द्वारा हरदेव वचनामृत का विमोचन किया गया जिसमें युग दृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के दिव्य विचार उपदेश और सत्संग वचनों को संयोजित किया गया है। निसंदे बाबा हरदेव सिंह जी की दिव्य छवि हर श्रद्धालु के अंतर्मन में एक अमित स्मृति बन चुकी है आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज बाबा जी की शिक्षाओं को आगे बढ़ते हुए ब्रह्म ज्ञान की ज्योति से मानवता को आलोकित कर रहे हैं।

## भाजपा माचाड़ी मंडल के रतन तिवाड़ी बने उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**माचाड़ी/राजगढ़ (राजकुमार गुप्ता)।** भारतीय जनता पार्टी अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने रैणी, माचाड़ी, लक्ष्मणगढ़ के मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। माचाड़ी मंडल अध्यक्ष के पूरण सिंह नरूका, उपाध्यक्ष रतन तिवाड़ी, सुल्तान सिंह, गिल्याराम सैनी, मंगतराम यादव, शिम्भु दयाल मीना व धौली देवी उपाध्यक्ष, महेश इंदौरिया व राजकुमार वर्मा महामंत्री नियुक्त किए गए।

## राजस्थान की महिला रग्बी टीम ने जीता कांस्य पदक



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** बिहार के पाटलिपुत्र स्टेडियम में 6 मई से 9 मई तक आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम में राजस्थान की महिला रग्बी टीम ने कांस्य पदक जीता है। रग्बी फुटबॉल नेशनल प्लेयर और कोच जितेश मीणा ने बताया कि टीम में अलवर जिले से दो बेटियों ने भी भाग लिया।

जिनमें कचावा गांव की महिमा मीना व रैणी के चिमापुरा गांव की ममता बाई जोगी राजस्थान टीम का हिस्सा रही। वहीं पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिनान के कक्षा 10 के छात्र सुनील नायक भी राजस्थान टीम का हिस्सा रहे।

## निजी शिक्षण संस्थान की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न, मोहनलाल सैनी बने अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के भगत का बास स्थित एम आई पब्लिक स्कूल में मंगलवार को राजगढ़ परिक्षेत्र के निजी शिक्षण संस्थानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित स्कूल संचालकों ने निजी विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में निजी शिक्षण संस्थानों के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया।

जिसमें मोहनलाल सैनी को अध्यक्ष, ओमप्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, दिनेश चौबे को महामंत्री, दिनेश सैन को संगठन मंत्री, मुकेश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, कमल शर्मा को सहकोषाध्यक्ष, खगेन्द्र सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीमला मोतीवाड़ा से कमलेश कुमार शर्मा, बहाली से सतीश कुमार, टहला से दिनेश जैमन, गोला का बास से सुन्दरलाल, माचाड़ी से मनोहरलाल, काली पहाड़ी से सतीश शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अशोक शेखावत, बनवारीलाल सैनी, अरविंद कुमार सैनी को सदस्य बनाया गया।

राज्यपाल बागडे ने ली अलवर जिले की विभागीय समीक्षा बैठक

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचे- राज्यपाल श्री बागडे

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं।

राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को यहां मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशील रहकर केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करावे ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले।

श्री बागडे ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की जानकारी हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करें। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के किताबी ज्ञान के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस नीति के तहत 3 साल से अधिक उम्र के बच्चों का नामांकन करते हुए शिक्षा से जोड़ने को कहा। उन्होंने जिले में ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों को पुन: शिक्षा से जोड़ने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास एवं प्राचीन ग्रंथ ज्ञान के भंडार हैं। इससे आज का युवा बहुत कुछ सीख सकता है। उन्होंने जल जीवन मिशन की जिले में प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि योजना में नॉन फिजिबल पाए गए गांवों एवं योजना के दायरे से बाहर की ढांणियों में पेयजल व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे इस उद्देश्य के साथ मनरेगा के तहत जल संरक्षण, चारागाह विकास, पौधारोपण आदि के कार्य अधिकाधिक स्वीकृत कराने व नरेगा कार्यों में वृद्धि करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए जनजाति वर्ग, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू समुदायों को पात्रता अनुसार मय शौचालय आवास उपलब्ध कराने को कहा, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत दूर-दराज तक ढाणियों व छोटी बस्तियों को सड़कों से जोड़ने, पीएम कुसुम योजना व पीएम सूर्य घर योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ते हुए सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि काश्तकार व पशुपालकों को न केवल योजनाओं की जानकारी देवे बल्कि उन्हें इन योजनाओं से जोडकर उनकी आमदनी में बढ़ोत्तरी कर विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर प्रदान करें। श्री बागडे ने कृषि अधिकारी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के लाभों के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए स्वयं किसानों द्वारा मृदा की जांच करवाने हेतु लैब में सैंपल भिजवाने के लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनन विभाग, उद्योग विभाग सहित डेयरी विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर पात्रों तक लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कार्य योजना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि महिला समूहों को प्रोत्साहित कर उनके उत्पादों की विपणन, ब्रांडिंग व मार्केटिंग में सहयोग करें। बैठक के दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से विभागवार प्रगति की जानकारी प्रदान की।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीक्षण अभियंता भूरी सिह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, डीएसओ विनोद जुनेजा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक

## संपर्क 2.0 व मॉनसून पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं अंतर्विभागीय समन्वय को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को समयबद्ध एवं उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से कार्य संपादन के निर्देश दिए गए।

बैठक में सड़क कटाई समिति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि समिति की साप्ताहिक बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें संबंधित विभागों से अपेक्षा की गई कि वे पूर्ण कार्ययोजना के साथ बैठक में भाग लें एवं विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय समन्वय और समय पर कार्य निष्पादन से जिले की प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है।

गर्मी एवं आगामी मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए सघन आबादी वाले क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु नियमित सर्वे किए जाने तथा जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को मानसून पूर्व नालों की समय पर सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया, वहीं पीएचईडी विभाग को जिले में पेयजल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में **'संपर्क 2.0'** प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा यह सुनिश्चित करें कि परिवादों का त्वरित, संवेदनशील एवं जवाबदेहीपूर्ण निस्तारण किया जाए। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जप्त माल की नीलामी अब 21 मई को

**जयपुर, 13 मई।** वाणिज्यिक कर विभाग, प्रवर्तन शाखा-प्रथम के घट-द्वितीय, वृत्त-सी द्वारा जब्त की गई परचून सामग्री की सार्वजनिक नीलामी अब बुधवार, 21 मई को होगी ।

प्रवर्तन शाखा-प्रथम, घट-द्वितीय, वृत्त-सी के सहायक आयुक्त श्री सज्जन सिंह यादव ने बताया कि यह नीलामी पूर्व में बुधवार, 14 मई को प्रस्तावित थी, जो अपरिहार्य कारणों से अब बुधवार, 21 मई को प्रात: 11 बजे प्रवर्तन शाखा कार्यालय परिसर में होगी। इच्छुक बोलीदाता विभागीय वेबसाइट www.rajtax.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## उपभोक्ता हित में मानकीकरण के विभिन्न आयाम विषय पर कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान एवं भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में उपभोक्ता हित में मानकीकरण के विभिन्न आयाम विषय पर पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र जिला परिषद कोटा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल के मुख्य आतिथ्य एवं भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यकारिणी सदस्य अनंत शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिला प्रमुख ने उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए ग्राम सभा स्तर से लागू करने का सुझाव दिया। भारतीय मानक ब्यूरो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य ने भारत में चल रहे उपभोक्ता संरक्षण आंदोलन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के द्वारा उपभोक्ताओं को प्रदत अधिकारों एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई न्यायिक प्रणाली के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में पूनम चौधरी संयुक्त निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो ने मानकों के निर्धारण, उनकी उपयोगिता और बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन नंबर, आईएसआई मार्क, सोने के लिए एचयूआईडी नम्बर आदि के बारे में जानकारी दी।

साइबर थाने से विशाल पुनिया ने ऑनलाईन खरीद और बैंकिंग के बड़े साइबर फ्रॉड से बचने के लिए विभिन्न सावधानियों से अवगत कराया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के जिला अधिकारी सचिन पाटोदिया ने माय भारत ऐप पर नागरिक सुरक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया तथा प्रशिक्षण करना बताया।




## सीबीएसई 12वीं और 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, होनहार छात्रों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** बूँदी में जैसे ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सी बी एस ई के 12वीं और 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हुवे । परिणामों में एक बार फिर विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। खास तौर पर 12वीं कक्षा में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला, जहां कई विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए।12वीं कक्षा के टॉपर्स की सूची इस प्रकार है।

संगीता कसेरा 95.8प्रतिशत, भूमिका वार्याणी 95प्रतिशत , लकी जैन 94 प्रतिशत , अक्षिता अग्रवाल 94प्रतिशत इन सभी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अध्ययन करते हुए यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

सीबीएसई 10th बोर्ड परिणाम मैं मैं असमी अग्निहोत्रीने 96.4त्न हासिल किया और अनुष्का मीणा ने 95.4प्रतिशत अंक हासिल किया, अक्षिता अग्रवाल ने अकाउंटेंसी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त श्रृष्टि माहेश्वरी ने 99 अंक प्राप्त करें है बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इसके अतिरिक्त निहारिका जैन , केशव सोमानी, तेजस्वी, ओजस्वी, शिवानी हाड़ा, नव्या भंडारी , शिवांगी गुप्ता ,तरु जैन, का भी उत्कर्ष परिणामहृरहा बूंदी के बच्चों ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। इस अवसर पर ICC कोचिंग संस्थान के संचालक नितेश वाधवा, शिक्षिका सुरभि वाधवा तथा शिक्षिका ख्याति भंडारी ने सभी सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ये सभी छात्र-छात्राएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं और शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को दर्शाते हैं। संस्थान की ओर से यह भी बताया गया कि इन विद्यार्थियों ने नियमित अभ्यास, टेस्ट सीरीज और समय पर मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाया, जिसका नतीजा आज उनके उत्कृष्ट परिणाम के रूप में सामने आया है। इस सफलता की लहर से एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। क्षेत्रवासी भी इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों से अत्यंत गर्वित हैं और आगे भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर एक माह होंगे जागरुकता कार्यक्रम

### 17 मई से 16 जून तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एनसीडी क्लिनिक की ओर से 17 मई से 16 जून तक विश्व उच्च रक्तचाप जागरूकता कैम्पेन चलाकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

एनसीडी परामर्शदाता दीपक शर्मा ने बताया कि 17 मई को प्रतिवर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। वर्तमान में विश्व में असामयिक मृत्यु का एक कारण हृदय रोग व उच्च रक्तचाप भी है।

स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को काफी कम किया जा सकता हैं। उच्च रक्तचाप के बारे में आमजन को जागरुक करने के लिए सभी के लिए कार्डियोवास्कुलर हैल्थ फॉर एवरी वन थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 17 मई से 16 जून तक हाइपरटेंशन दिवस से संबंधित जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि कैम्पेन के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिलों को केन्द्र सरकार तथा 5 जिलों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## डंपर से भिड़ी मोटरसाइकल 2 मरे 1 घायल, डंपर चालक मौके से हुआ फरार

बढ़ता राजस्थान

**बारां,कोटा (विनोद गौड़)।** सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना बारा जिले के किशनगंज उपखंड क्षेत्र के रामगढ़ रोड पर बड़ौदिया गांव के समीप घटित हुई जब एक विपरीत दिशा से आ रहे डम्पर ने बाइक पर सवार तीन बच्चे को टक्कर मार दी।

आमने सामने हुई टक्कर मे बाइक सवार तीनों बच्चे उछलकर एक और गिर गए । वही डंपर चालक मौके से फरार हो गया राहगीरों ने घटना की सूचना किशनगंज थाने पर दी जिसके बाद पुलिस ने घायलों को किशनगंज के अस्पताल में पहुंचा जहां पर अस्पताल पहुंचाया।

जिन्हें मिट्टी से भरे हुए डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर किशनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी. साथ ही घायलों को किशनगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने दो बालको को मृत घोषित कर दिया जबकि एक को गंभीर घायल होने पर बारां जिला अस्पताल में रेफर किया है, जहां उसका उपचार चल रहा है. मृतक बड़ोदिया गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए ही आए थे। ऐसे में गांव का खुशियों का माहौल गमगीन हो गया। किशनगंज थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि घटनाक्रम बड़ोदिया गांव के नजदीक दोपहर 12.00 बजे घठित हुआ है. इसमें बाइक सवार बच्चें रेलावन से बड़ोदिया की तरफ आ रहे थे, जबकि डंपर विपरीत दिशा में चल रहा था. इसमें डंपर ने बाइक को बड़ोदिया मोड़ के नजदीक टक्कर मार दी।

बड़ोदिया निवासी दिव्यांशु व अटरू थाने के जीरोद निवासी बलवंत पांचाल की मौत हो गई है। जबकि कोटा जिले के सुल्तानपुर निवासी सागर गंभीर रूप से घायल हुआ है.। घटना के बाद चालक डंपर को छोड़कर मौके से फरार हो गया है।

इस घटना में इस डंपर को मौके से जप्त कर थाने पर खड़ा किया गया है. इस मामले में मुकदमा दर्ज कर चालक के संबंध में पड़ताल शुरू कर दी गई है। दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को भी सौंप दिया है।

## विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को मिलेगी एनीमिया की नियमित खुराक - डॉ. सामर

### राज्य स्तर से जारी हुए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** बूँदी में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जिला बूँदी में 6 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम हेतु आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की नियमित खुराक प्रदान की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में हिमोग्लोबिन के स्तर में सुधार कर उनकी शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। अभियान के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को नियमित रूप से एनीमिया की खुराक दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के कारण बच्चों को आईएफए की खुराक निरंतर देने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए विद्यालय प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान घरों में सेवन करने के लिए कक्षा 1 से 5वीं तक तथा कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को आईएफए की गुलाबी गोली एवं आईएफए नीली गोली का साप्ताहिक सेवन अनुपूरण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। एनीमिया की व्यापकता को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ग्राम पंधान/सरपंच अन्य स्थानीय धर्म गुरुओं, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा पोषण सत्रों का आयोजन कर समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया जाए। गृह भ्रमण के दौरान हितग्राहियों द्वारा आईएफए की गोली सेवन की निगरानी सुनिश्चित की जाए। आईएफए की गुलाबी गोली एवं नीली गोली की स्ट्रिप की अनुपलब्धता की स्थिति में आंगनबाड़ी केन्द्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर से बच्चे की आयु अनुसार आईएफए की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

डॉ. सामर ने बताया कि आयरन की गुलाबी अथवा नीली गोली का सेवन प्रत्येक मंगलवार को भोजन के एक घंटे बाद किया जाए। आयरन की पूरी एक गोली का सेवन पानी या सम्भवतः नींबू पानी के साथ निगलकर किया जाए। भोजन तथा आयरन की गोली में उपलब्ध आयरन अवशोषण हेतु भोजन के एक घंटे पूर्व एवं एक घंटे उपरांत चाय, काफी, दूध एवं सोडा युक्त पेय पदार्थों का सेवन किया जाए। शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईज, एएनएम, सीएचओ तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा घरों में बच्चों द्वारा ली जा रही आईएफए गोली के सेवन की पुष्टि भी की जावेगी।

## जिला कलक्टर ने रावतभाटा राजकीय उप जिला चिकित्सालय किया निरीक्षण

### चिकित्सा सेवाओं को बेहतर करने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़,(नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन मंगलवार को रावतभाटा के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय उप जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं चिकित्सकों को पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराने तथा चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों से वार्तालाप किया एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने चिकित्सालय के विभन्न वार्डों का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मल्होत्रा उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया सहित चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई: चेचट तहसीलदार भरत यादव 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी /कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की स्पेशल यूनिट ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चेचट तहसीलदार भरत कुमार यादव और गार्ड दिनेश कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई और लगभग तीन घंटे तक चली। इस दौरान तहसील कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई।

एसीबी टीम ने तहसीलदार और गार्ड को 25,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। यह कार्रवाई एसीबी कोटा रेंज के डीआईजी शिवराज मीणा के निर्देशन में की गई।

औद्योगिक भूमि कन्वर्जन के लिए मांगी जा रही थी रिश्वत

एसीबी एएसपी मुकुल शर्मा ने बताया कि परिवादी ने अपनी तीन बीघा कृषि भूमि को औद्योगिक भूमि में कन्वर्ट करवाने के लिए तहसीलदार को आवेदन दिया था। हालांकि ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद तहसीलदार द्वारा फाइल को जानबूझकर पेंडिंग में रखा गया और ?1,40,000 की रिश्वत मांगी गई। जांच और सत्यापन के बाद, तहसीलदार द्वारा अपने गार्ड दिनेश कुमार के माध्यम से 50,000 की पहली किश्त के रूप में रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी टीम ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

वर्तमान में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच की जा रही है।

## जिसकी निष्ठा भगवान के चरणों में हो उसे किसी पद की आवश्यकता नहीं है

### जीवन में केवल भक्ति का महत्व है बाकी सब पदार्थ नश्वर है



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** नान्ता स्थित पार्श्वनाथ अपार्टमेंट सोसायटी में चल रही भागवत कथा के अमृत सरोवर में श्रोता ज्ञानामृत् पान कर रहे है। ईश्वर प्राप्ति ना धन से होती है न उम्र से होती है ना विद्या से ही होती है।ईश्वर को तो केवल और केवल भक्त की अगाध आस्था ही प्रिय है ।

भक्त की उम्र की बात करे तो 5 वर्ष का ध्रुव, आयु की सीमा से परे है, तो वही निर्धन सुदामा को सारे संसार का वैभव और ईश्वर की कृपा पात्रता का सर्वोत्तम उदाहरण है।जाती के बंधन से परे शबरी हो या केवट, जीव मे गज हो या व्याघ्र हरि सबपे कृपा करते है। सबसे ऊँची प्रेम सगाई। दुर्योधन के मेवा त्यागे, छाल विधुर घर खाये,, जैसे भक्ति में प्रेम रस से भरे भजनों का अनवरत प्रवाह होता रहा।

आज की कथा के सार के रूप मे बताते हुए कथा वाचक समेंत शर्मा ने बताया की कथा में भक्ति की महिमा बताते हुए भक्त प्रहलाद अजामिल के प्रसंग आये है वहीं मां सती से भगवान शिव से विवाह की झांकी सजाकर आज की कथा को विराम लिया गया है।

## भरतपुर जिला प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, विकास कार्य वर्षा पूर्व गुणवत्ता के साथ करायें पूरे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, 13 मई।** जल संसाधन मंत्री एवं भरतपुर जिला प्रभारी श्री सुरेश सिंह रावत ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व सभी कुण्डों के सौन्दर्यकरण, गहराईकरण कार्य को पूरा कराने, सडकों एवं स्टेडियम में खेल सुविधाओं के विकास को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिये।

जिला प्रभारी मंत्री ने दीनदयाल नगर कुण्डा का निरीक्षण कर विकास कार्यों की सराहना की तथा वर्षा पूर्व कुण्डों में जल आवक के सभी स्त्रोतों की सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला क्लब में खेल सुविधाओं के विकास के लिये तरणताल, बेडमिंटन व टेनिस कोर्ट, बॉस्केटबाल का निरीक्षण किया तथा बेडमिंटन खेलकर कोर्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से शहर के युवाओं को खेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने आरएनएफसीडी के तहत गिर्राज केनाल के निर्माण कार्य का मौका निरीक्षण किया इसमें बरसात के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले पानी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्षा पूर्व कैनाल की गहराई एवं पक्का करने का कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाये।

जल संसाधन मंत्री ने हीरादास कुण्डा की गहराई व सौन्दर्यकरण कार्य का भी अवलोकन कर कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में जमा पानी को बरसात पूर्व लिफ्ट किया जाये जिससे आस-पास की कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति पैदा नही हो। उन्होंने लोहागढ स्टेडियम में कराये गये निर्माण कार्यों, कुश्ती एकेडमी, सिंथेटिक ट्रेक, पाथवे निर्माण कार्य का अवलोकन कर खिलाडियों व स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लिया। उन्होंने कुश्ती एकेडमी में बालक वर्ग की कुश्ती खिलाडियों के अभ्यास को देखा तथा राज्य सरकार द्वारा खेलों के विकास के लिये जिले में किये गये कार्यों के बारे में खिलाडियों से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक डीग-कुम्हेर श्री शैलेश सिंह, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, जिलाअध्यक्ष शिवानी दायमा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में फायरिंग, 14 आरोपी गिरफ्तार, 4 कट्टे जब्त

बढ़ता राजस्थान




**चौमहला( आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के उन्हैल थाना क्षेत्र के गांव हाजड़िया में दो पक्षों के बीच रुपयों के लेन-देन को लेकर झगड़ा हुआ। दोनों ओर से देशी हथियारों से फायरिंग की गई। जानलेवा हमले में दोनों पक्षों के एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए। घटना 6 मई 2025 की है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ उन्हैल थाने में केस दर्ज करवाए।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम बनाई गई। टीम ने 10 मई को विक्रमलाल, तोफानलाल, सोयतिलाल, सोनतीलाल, लखन उर्फ लाखुड़ा, नागुसिंह, जानकीलाल, लक्ष्मीनारायण उर्फ लच्छु, बाबूलाल, गोवर्धन उर्फ गोरधन, मुकेश, ज्ञानचंद को गिरफ्तार किया। 12 मई को आकाश और तोफान को पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपियों में लाखाखेड़ी, वामनदेवरिया और हाजडीया के कंजर समुदाय के लोग शामिल हैं। पुलिस ने लक्ष्मीनारायण उर्फ लच्छु, गोवर्धन, जानकीलाल और सोयतिलाल के कब्जे से चार देशी कट्टे बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है— विक्रमलाल (35), तोफानलाल (30), सोयतिलाल (25), सोनतीलाल (25), लखन उर्फ लाखुड़ा (22), नागुसिंह (45), जानकीलाल (25), लक्ष्मीनारायण उर्फ लच्छु (40), बाबूलाल (23), गोवर्धन उर्फ गोरधन (45), मुकेश (25), ज्ञानचंद (45), आकाश (25), तोफान (32)। सभी आरोपी कंजर समुदाय से हैं और झालावाड़ जिले के विभिन्न गांवों के निवासी हैं।

गिरफ्तारी के लिए बनी टीम में थानाधिकारी रामकरण, एएसआई पुरीलाल, हैड कांस्टेबल गोवर्धन, कांस्टेबल राकेश, कमलेश, देवचंद, बंटू सिंह, श्याम सिंह, कैलाश, पवन, नेकीराम और महेंद्र शामिल थे। टीम ने आरोपियों को पकड़ने और हथियार बरामद करने में सफलता पाई।

**मेट्रो और श्री ओम हॉस्पिटल में मिली अनेक कमियां**

# सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** जिले के सरकारी अस्पतालों के साथ साथ निजी अस्पतालों में भी मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए निजी अस्पतालों की नियमित जांच विभाग की टीमों द्वारा की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जिला मुख्यालय स्थित शांति देवी मेमोरियल अस्पताल, मेट्रो हॉस्पिटल, श्री ओम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में लापरवाही मिलने पर उन्होंने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान शांति देवी अस्पताल में मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं था। मेट्रो हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान फायर एनओसी एक्सपायर हो चुकी थी तथा कमर्शियल यूटिलाइजेशन का सर्टिफिकेट



भी नहीं था। साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट मैनजमेंट अनुबंध भी समाप्त हो चुका था। इस अस्पताल में एक मंजिल से दूसरी मंजिल पर मरीजों को जाने के लिए किसी भी प्रकार का कोई रैंप नहीं था, अस्पताल का भवन भी मरीजों के लिए दमघोटू था। इसी प्रकार श्री ओम हॉस्पिटल अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के अंदर मिट्टी एवं गंदगी मिली। यहां भी मरीजों की सुविधा के लिए कोई रैम्प नहीं था फायर एनओसी भी नहीं थी। अस्पताल का माहौल मरीजों के स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं था। निरीक्षण के दौरान अस्पतालो में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट रजिस्ट्रेशन, पॉल्युशन बोर्ड कंसेंट, बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण सहित अन्य पक्षों की भी जांच की। सीएमएचओ डॉ मीणा ने बताया के निरीक्षण किए गए सभी संस्थाओं में पाई गई कमियों को लेकर अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन में उचित जवाब नहीं मिलने की स्थिति में अस्पताल सीज करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना विभाग की पहली प्राथमिकता है इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। समाचार लिखे जाने तक अस्पतालों की जांच जारी थी। निरीक्षण के दौरान टीम में डॉ. विवेक शुक्ला,एपिडेमियोलॉजिस्ट अखिलेश गर्ग, डीपीसी पीसीपीएनडीटी पंकज शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे ।

# नगर पालिका द्वारा पॉलिथीन के खिलाफ की गई कार्रवाई



**शहर के बाजार में निकली टीम तो मचा हड़कंप, दो घंटे में करीब एक क्विंटल पॉलीथिन जप्त**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी के निर्देश पर मंगलवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के सुपरविजन में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के नेतृत्व में सिंगल यूज़ प्लास्टिक को लेकर दुकानदारों के यहां कार्यवाही की गई जिसमे करीब एक क्विंटल पॉलीथिन उत्पादों को जप्त किया गया है। इस कार्यवाही के दौरान शहर के बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया की सरकार के निर्देश पर प्लास्टिक की डंडी वाले ईयर बड, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक छड़ियां, प्लास्टिक के झंडे, कैडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट के लिए पॉलीस्टाइरीन, (थर्माकोल), प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, मिठाई के डिब्बे चारों ओर लपेटने या पैकिंग फिल्म,100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक, पीवीसी बैनर, सिगरेट पैकेट की फिल्म, निमंत्रण कार्ड का निर्माण विक्रय उपयोग आदि 1 जुलाई 2022 से पूर्णत: प्रतिबंधित है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन द्वारा मंगलवार को शहर के सीताराम बाजार से अभिषेक अग्रवाल, हरिओम, मुरारीलाल, अंकुश बालाजी जूस सेंटर, पवन वैश्य, रमन मदरसा चौराहा से अतुल, विजय गर्ग, मुकेश, पुरानी पंजाब बैंक के सामने से अशरफ का जूस सेंटर, गंगा प्रसाद, अग्रसेन मार्केट से विशम्भर दयाल बीडीएम बेसन वाले, हरेश चंद्र, राकेश कुमार मंगल, ऋषभ गर्ग सहित कई दुकानदारों के यहां कार्यवाही कर टीम ने करीब एक क्विंटल प्लास्टिक कैरी बैग, गिलास,जप्त किये गये तथा 2200 रुपए का जुर्माना किया गया है।

# उधारी के पैसो को लेकर मजदूर और ठेकेदार में हुए झगड़े में घायल मजदूर की मौत

**12 दिन चला घायल का जयपुर में उपचार, दोनों पैर काटे फिर भी नहीं बची जान**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कीड़ी मोहल्ला निवासी एक मजदूर युवक की जयपुर में उपचार के दौरान मौत हुई है। मृतक मजदूर का एक मई को अपने ठेकेदार से पैसों के विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें उसको आरोपी ठेकेदार और तीन अन्य लोग घर से बुलाकर ले गए और लाठी-सरियों से बुरी तरह मारपीट की। इस दौरान जब मजदूर घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई,तलाशने करने पर वह रेलवे पटरी धनोरा रोड़ पर



वेसुध अवस्था में मिला। इसको तुरंत परिजन बड़ी अस्पताल ले जहां से धौलपुर धौलपुर से जयपुर ले जाया गया। घटना को लेकर 31 वर्षीय मृतक अविनाश पुत्र शिवसिंह जाटव निवासी कीड़ी मोहल्ला की मां ओमवती पत्नी शिवसिंह ने बताया कि उसका बेटा टाइल्स और अन्य पत्थर काम की मजदूरी करता है। शहर की कृष्णा कॉलोनी संत नगर रोड निवासी सुनील पुत्र रामस्वरूप जाटव उसको अपने साथ काम पर ले जाता है। पत्थर के काम को लेकर उसके बेटे अविनाश ने सुनील से दो महीने पहले 12 हजार रुपये उधार लिए थे। बाद में काम नहीं हुआ तो सुनील अपने पैसों को अविनाश से मांग रहा था। जिसकी अविनाश ने कुछ दिन में देने की भी कहा था लेकिन व्यवस्था नहीं हो सकी तो एक मई को सुनील गुस्से में आया। जिसके साथ तीन अन्य लोग भी थे। जो काम के बहाने से अविनाश को घर से ले गए। मृतक की मां ओमवती का आरोप है कि जयपुर में उपचार के दौरान जब अविनाश को होश में आया तो उसने बताया कि सुनील और तीन अन्य लोगों ने उसकी लाठी-सरियों से बुरी तरह से मारपीट की है। उपचार के दौरान अविनाश की हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने अविनाश के दोनों पैर भी काट दिए लेकिन फिर भी उसकी जान नहीं बच सकी। देर रात उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर मामले की जांच कर रहे कोतवाली थाने के एएसआई नीरज कुमार ने अस्पताल पहुंच मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मां की तहरीर पर रिपोर्ट पूर्व में दर्ज की जा चुकी है। आरोपियों की तलाश और मामले की जांच जारी है।

# श्री हरि चैतन्य महाप्रभु इस माटी की पहचान व गौरव : विधायक नौक्षम चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**कामां / भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** तीर्थराज विमल कुंड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम में संस्थापक एवं श्री हरि कृपा पीठाधीवर विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज का 65 वां अवतरण दिवस अग्रिम रूप से बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । श्री रघुनाथ जी व श्री चैतन्येश्वर महादेव की महाआरती,तीर्थराज विमल कुंड का अभिषेक व महाआरती,विशाल हवन, यज्ञ, सुंदरकांड पाठ, भजन,कीर्तन के साथ ही संपूर्ण कार्यक्रम देश के जाबांज वीर सैनिकों को समर्पित रहा। टेकचंद शर्मा,नानक शर्मा, गोविंद सैनी व प्रखर के गीतों ने सभी उपस्थित जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया। विधायक नौक्षम चौधरी ने महाराज को राष्ट्र का गौरव बताते हुए कहा कि राष्ट्र व सेना के प्रति इनका भाव वंदना के योग्य है। महाराज जिनकी पूरी दुनिया में पहचान है। उपस्थित हजारों भक्तों को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि राष्ट्र प्रथम है।राष्ट्र है, तो हम हैं। हम सब कुछ बाद में हैं। पहले एक भारतीय हैं । आज जब युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं तो हम सभी का पुनीत कर्तव्य हो जाता है कि हम सभी समस्त प्रकार की संकीर्णताओं व मतभेदों को त्यागकर आपसी प्रेम, एकता, सद्भाव, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें । हम राष्ट्र के 140 करोड़ नागरिक यदि एकजुट व संगठित रहें तो किसी की ताकत नहीं जो हमारी भारत माता की ओर बुरी नजर डाल सकें। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारी सेवा का मनोबल इतना दृढ़ हुआ है कि दुश्मन की हर नापाक हरकत को असफल कर दिया। यह रामकृष्ण, महावीर स्वामी, गुरु नानक, गुरु गोविंद सिंह व बुद्ध की भूमि है युद्ध की नहीं। हमने कभी युद्ध नहीं चाहा हम पर हमेशा युद्ध थोपे गए हैं। और जब भी दुश्मन ने हम पर युद्ध थोपा उसे करारा जवाब मिला है व मुंह की खानी पड़ी हैं। अभी यदि पाक नापाक हरकतों से बाज नहीं आया तो अपनी बर्बादी का कारण खुद होगा। संपूर्ण वातावरण श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया, लाठी वाले भैय्या व भारत माता की जय जयकार से गूंज उठा। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। देश-विदेश के भागों से श्रद्धालु पहुंचे। कामां के सभी संगठनों ने श्री महाराज जी का भव्य स्वागत किया।

# कंचनपुर के पुरा उलावटी में अतिक्रमण को लेकर चला पीला पंजा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कंचनपुर थाना क्षेत्र के पूरा उलावटी गांव में जिला कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को बाड़ी उपखंड प्रशासन द्वारा पीला पंजा चलाकर कंचनपुर उपतहसील कार्मिको और कंचनपुर थाना पुलिस के सहयोग से करीब 25 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। उक्त भूमि पर आरोपियों ने कब्जे का मेढ़बंदी कर रखी थी और कृषि कार्य किया जा रहा था। जिसको लेकर जब ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से शिकायत की तो आज कार्रवाही अमल में लाई गई है। बाड़ी तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल ने बताया कि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी के सुपरविजन में कार्रवाई की गई है। राजस्व विभाग के भू अभिलेख निरीक्षक सुनील कुमार,मोहम्मद सईद के साथ हल्का पटवारी दयाराम गुर्जर,विश्वेंद्र गुर्जर, महावीर सिंह की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। दो जेसीबी मशीन और आधा दर्जन ट्रैक्टरों की मदद से कंचनपुर पुलिस की मौजूदगी में करीब 25 बीघा भूमि को गांव पूरा उलावटी में अतिक्रमण मुक्त कराया है। गांव के पास जंगल मे यह गोचर भूमि है। जिस पर पशु चरते है। उक्त भूमि पर गांव और आसपास के क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर रखा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर से की गई थी।



# शिव पुराण के पाठ एवं श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** शिव पुराण एक महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध पुराण है ,जो भगवान शिव के बारे में विविध रूपों उनकी लीलाओं भक्ति और पूजा पद्धतियों का विस्तृत वर्णन का प्रसिद्ध पुराण है। यह कहना है शिव पुराण कथा वाचक जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज का। स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज भुसावल उपखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 स्थित ऊलूपुरा कमालपुर प्रायोजित 5121 कुंडी है महायज्ञ के अवसर पर भक्तों को शिव पुराण कथा का श्रवण कर रहे थे विकास महाराज ने कहा कि शिव पुराण में कुछ मुख्य बातें हैं जिनमें शिव का वर्णन करते हुए शिव को परमब्रह्म परमेश्वर कल्याणकारी और अनादि के रूप में प्रस्तुत किया गया है। शिव की विभिन्न लीलाओं और कथाओं का वर्णन है शिवलिंग की उत्पत्ति और शिव भक्ति से जुड़ी हुई घटना है शिव पुराण में शिव की पूजा विधि नियमों और लाभों का उल्लेख किया गया है।

## सात संहिताओं में विभाजित

शिव पुराण को सात संहिताओं में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है.। शिव पुराण भक्ति ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर जोर देता है यह पुराण शिव के जीवन चरित्र उनके रहन-सहन विवाह और पुत्रों की उत्पत्ति के बारे में भी बताता है शिव पुराण के पाठ एवं श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है शिव भक्त को सुख मिलता है।

## शिव पुराण के श्रवण के नियम

विकास महाराज ने शिव पुराण श्रवण के नियम बताते हुए कहा कि शिव पुराण की कथा सुनने से पहले शिवजी का ध्यान करना चाहिए और कथा को ध्यान से सुनना चाहिए कथा सुनने के दौरान सात्विक भोजन करना चाहिए ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना चाहिए केवल एक समय भोजन करना चाहिए शिव पुराण का पाठ पूरा होने तक निराहर रहना चाहिए। कथा श्रवण के दौरान कुछ वस्तुओं से परहेज करना चाहिए मसूर की दाल गाजर बासी भोजन रिंग लहसुन प्याज जलहन से एवं तामसी भोजन का त्याग रखना चाहिए!

# गलत परिसीमन को लेकर कलेक्टर के नाम अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन को सोपे ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने जिले की नगर पालिकाओं एवं ग्राम पंचायतों के गलत परिसीमन तथा सीमांकन के विरोध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा के मार्फत जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अभी हाल ही में पूरे जिले की ग्राम पंचायत एवं नगर निकायों का परिसीमन एवं सीमांकन कार्य किया गया है। जोकि नियम विरुद्ध तथा सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों के दबाव में वार्डों का अनुचित तथा अन्यायपूर्ण तरीके से सीमांकन कार्य किया गया प्रतीत हुआ है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार आज उक्त मांगों से संबंधित, जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। सूपा ने यह भी कहा कि अगर उक्त समस्याओं का स्थानीय लेवल पर समाधान नहीं होता है तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्फत सरकार पर दवाव बनाकर उक्त समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में संबंधित क्षेत्र की तथ्यात्मक रिपोर्ट, प्रारूप, नक्शा एवं संबंधित दस्तावेज भी संलग्न थे। ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सूपा के अलावा जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल, जिला उपाध्यक्ष पार्षद रामेश्वर सैनी, महासचिव लक्ष्मण केन, पार्षद मुकेश जाटव, शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, प्रवक्ता अशोक तांबी, दिगंबर खटाना, लोकपाल सिंह, केके उपाध्याय, सेवादल जिलाध्यक्ष निरंजन जघीना, विशाल तिवारी आदि मुख्य थे। जिससे लोग पानी के लिए परेशान है।

# बाड़ी के कोयला गांव में स्कूल एवं आंगनबाड़ी के सामने कीचड़, आवागमन में हो रही परेशानी

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत नक्सौदा के गांव कोयला में आम रास्ता में कीचड़ होने से जहां ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं आंगनबाड़ी एवं स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र एवं सरकारी स्कूल के सामने रास्ता में गांव का गंदा पानी एकत्रित हो रहा है। जिसे लेकर कई बार ग्राम पंचायत को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। गांव के वार्ड पंच रामकुमार ने बताया कि गांव में नाली का अभाव होने के साथ ही गांव में समरर्सेबिल चलती रहती है जिससे पानी बहकर आम रास्ता में जमा हो जाता है। ऐसे में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले बच्चों के साथ ही ग्रामीण एवं स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रास्ता में कीचड़ होने से छोटे बच्चे कई बार कीचड़ में गिरकर चोटिल होते देखे जा सकते है। जिसे लेकर कई बार जिम्म्मेदारों को भी अवगत कराया जा चुका है।

# आयुर्वेद चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को देखकर आयुर्वेद से उपचार कराने की आस्था बनीं : सुदेश शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** तीन बार राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत एवं राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त भारत स्काउट्स एण्ड गाइड इंडियन रेलवे में अधिकारी रहीं दिल्ली निवासी सुदेश शर्मा के आयुर्वेद पद्धति से उपचार कराने हेतु भरतपुर आगमन पर राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का अवलोकन करने के अवसर पर व्यवस्थाओं और सुविधाओं को देखकर खुशी जताई। धन्वंतरि पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि मधुमेह एवं उससे हो रही परेशानियों को लेकर दिल्ली से उपचार कराने आयीं श्रीमती सुदेश शर्मा द्वारा राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा



महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का अवलोकन कर पंचकर्म योग प्राकृतिक शल्यक्रिया एवं स्त्री प्रसूति फैकल्टी में उपचार की गतिविधियों को देखने के साथ साथ उपचार करा रहे रोगियों से मुलाकात कर हाल-चाल जाने एवं आयुर्वेद चिकित्सा से लाभ मिलने पर रोगियों द्वारा बताए जाने पर सुदेश शर्मा द्वारा आयुर्वेद पद्धति के प्रति आस्था एवं जिज्ञासा बनने की बात कही।इस अवसर पर अंतरंग आतुरालय में भर्ती रोगियों को फल एवं गन्ने का जूस पिलाकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के लिए सराहना की। दिल्ली से उनके साथ आए अन्य रोगियों ने भी आयुर्वेद विभाग द्वारा जनहित में चलाई जा रही चिकित्सकीय गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह एवं उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत सुदेश शर्मा का दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंतरंग आतुरालय में कार्यरत डॉ प्रियंक शर्मा डॉ निमिका कौशिक मेलनर्स भगवानसिंह फीमेल नर्स रजनेश लता ऊषा द्वारा सहयोग किया गया।

# गांव कैरोद के विद्यालय के मेन गेट पर ग्रामीणों ने ठोका ताला, किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव कैरोद के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्टाफ के आपसी विवाद एवं कार्यरत एक महिला अध्यापिका द्वारा बच्चों से दुर्व्यवहार व जाति शिक्षण शब्दों से अपमानित करने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को विद्यालय के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया और कार्यवाही करने की मांग की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवजीलाल खंगार ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका कमलादेवी जाट द्वारा विद्यालय स्टाफ व छात्र -छात्राओं के साथ जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया जाता है। पूर्व में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी गठित की थी। जांच कमेटी जांच की गई थी। इसी प्रकरण को लेकर मंगलवार को कैरोद के समस्त ग्रामीणों ने विद्यालय के मेन गेट पर ताला




लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अध्यापिका कमला जाट विद्यालय के स्टाफ व बच्चों सहित ग्रामीणों से भी अभद्रता करती है। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी कार्यालय से आरपी रामकिशन बैरवा व प्रशासनिक अधिकारी प्रहलाद मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से काफी देर तक समझाइश की। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि कार्यरत महिला बच्चों को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करती है। ग्रामीण काफी देर तक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय में बुलाने की मांग पर अडे रहे। इसके बाद शिक्षा विभाग के दोनों अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि पूरे प्रकरण से अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। इस बारे में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मैं सरकारी कार्य से टोंक शिक्षा विभाग कार्यालय आई हुई हूं। कार्यालय से दो अधिकारियों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया किपूर्व में भी अध्यापिका कमला जाट के खिलाफ जांच चल रही है। जांच कमेटी द्वारा अभी तक मेरे कार्यालय में जांच प्रस्तुत नहीं की गई है। मामला सही पाए जाने पर अध्यापिका के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी को भी ग्रामीणों द्वारा एक शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान मुकेश बैरवा, धर्मचंद बैरवा, शिव प्रसाद, मुकेश, रामप्रसाद जाट, मीठालाल, प्रभुलाल, मोहनलाल जाट, प्रेम शंकर बैरवा, जितेंद्र बैरवा, राजकुमार, बंसीलाल, रामपाल व जीतराम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण हेतु जिले में प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की नवीन पहल



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नवीन पहल की शुरुआत की गई है जिसमें राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ सहयोग किया जा रहा है।मार्च 2025 के दौरान भीलवाड़ा के आम नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विभिन्न पहल की हैं।

हरियाली के साथ सेल्फी थीम पर आधारित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को 40 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। चयन समिति द्वारा उचित जांच के बाद दो सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया जिनके नाम वंदना नवल निवासी आरसी व्यास कॉलोनी तथा योगेश दाधीच हैं।

मंगलवार को जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके नेक काम को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ उन्होंने भीलवाड़ा के नागरिकों से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा शुरू की गई नवीन पहल में भाग लेने की अपील की, जिसमें मिशन लाइफ अभियान के तहत मासिक थीम जारी किए जा रहे हैं और जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किए जाने का अवसर प्राप्त किया जा सकता है।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर केकड़ी ने सदर थाना केकड़ी का किया निरीक्षण




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के केकड़ी में अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी ने मंगलवार को केकड़ी थाने का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और एसएचओ को जरूरी दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने इस दौरान थाने के भवन, मालखाने व विभिन्न पंजिकाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाने में पड़ी सामग्री के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए और नाकाबंदी, निरीक्षण जैसी गतिविधियों में अधिक दक्षता लाने के निर्देश दिए। एडीएम ने निरीक्षण मे स्थायी वांरटियों की गिरफ्तारी शेष होने पर एसएचओ को आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा।

उन्होंने एसएचओ से कहा कि अपने क्षेत्राधिकार के हथियार अनुज्ञापत्राधारकों की जानकारी का उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यालय की जानकारी से मिलान करें और जिन लाइसेंस धारकों ने अभी तक नवीनीकरण नहीं कराया है, उनका लाइसेंस निरस्त कराने की कार्रवाई करें। इस दौरान थाने से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्क र से पैंथर के बच्चे की हुई मौत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गाव बहड़ के पास सडक़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैंथर के बच्चे मौत हो गई। बरोनी थानाधिकारी ब्रजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि सोमवार की रात करीब 10ः30 बजे सूचना मिली कि गांव बहड़ के पास सडक़ पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से पैंथर के 7-8 माह के एक बच्चे की मौत हो गई। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पैंथर के मृत बच्चे को अग्रिम कार्यवाही हेतु कब्जे में लिया।

## बजरी से भरे दो ट्रेलरों में भिड़ंत, एक जना गंभीर रूप से घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ गुंसी (नि.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सोमवार की रात करीब 9.40 बजे मूंडिया गांव के नजदीक बजरी से भरे दो ट्रेलरों की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक जना गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर थाना ड्यूटी प्रभारी रूपसिंह गुर्जर ने बताया कि सोमवार को बजरी से भरे दो ट्रेलर साथ साथ जयपुर की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान रात करीब 9.40 बजे मूंडिया गांव के समीप आगे चल रहे ट्रेलर में तकनीकी खराबी आ गई। इसी खराबी के चलते ट्रेलर सडक़ मार्ग पर ही अचानक थम गया। इसी के ठीक पीछे चल रहे ट्रेलर चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और वो आगे वाले ट्रेलर से जा भिड़ा। इस भिड़ंत से पीछे के ट्रेलर में सवार रतन लाल पुत्र बजरंग लाल निवासी ढाणी कल्याणपुरा थाना दूनी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर सदर एवं गुंसी चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे घायल को बाहर निकाला। इसी दौरान हाइवे पेट्रोलिंग टीम एवं एम्बुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे टोंक रेफर कर दिया गया।

## कपासन के धमाणा जीएसएस संबंधित क्षैत्र में आज विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** आवश्यक रख-रखाव के चलते आज बुधवार को क्षेत्र के धमणा जीएसएस से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता अविविनिलि कपासन मुनीश कांवत ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा जन साधारण को सूचित किया जाता है कि 14 मई बुधवार को 33/11 केवी जीएसएस धमाणा के आवश्यक रख-रखाव हेतु सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपुर्ति बन्द रहेगी। इस कारण 33/11 केवी जीएसएस धमाणा से संबंधित सभी क्षेत्र धमाणा, देवरिया एवं दोवनी की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## महासाध्वी मधु कवर म.सा. का जयघोष नारो के साथ कपासन में भव्य मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** आध्यात्मिक एवं स्वर्णिम चातुर्मास बेगू में संपन्न कर महासाध्वी मधु कवर म.सा. एवं डॉ. चिन्तन श्री म.सा. आदि ठाणा 2 का मंगलवार को नगर कपासन में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

श्रमण संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि समीपवर्ती ग्राम भट्टो का बामनीया से विहार किया गया।इस दौरान साध्वी का नगर कपासन के श्रद्धालुओं द्वारा भट्टो का बामनीया पहुंचकर स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही नगर के राज राजेश्वर बड़ा तालाब पर श्रावको द्वारा जयघोष नारों के साथ साध्वी का भव्य स्वागत किया गया।इसके बाद साध्वी द्वारा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में अंबेश भवन मे प्रवेश



किया गया।साध्वी का नगर में सप्ताह भर का प्रवेश रहेगा तथा 2025 का चातुर्मास उदयपुर में प्रस्तावित है।

इस अवसर पर राहुल हिगड,अनील बापना,अविनाश दुग्गड़,सुनिल लोढा,कैलाश चण्डालिया,रतन चण्डालिया, कमलेश डांगी, अभिषेक बाघमार,आशीष आंचलिया, गजेन्द्र ढीलीवाल आदि श्रावक द्वारा जयघोष नारो के साथ साध्वी को भव्य मंगल प्रवेश कराया गया। श्रमण संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि प्राची म.सा. का नियमित प्रवचन प्रातः 9 से 10 बजे तक नगर के अंबेश भवन मे जारी है।

## बाबा हरदेव सिंह जी को समर्पित समर्पण दिवसः प्रेम, सेवा और भक्ति का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** समर्पण दिवस के अवसर पर आरजिया चौराहा स्थित निरंकारी संतसंग भवन में श्रद्धालुओं ने युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके समर्पित जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। संत सूरज कौर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब हम हर पल परमात्मा के प्रति समर्पित होकर जीवन जीते हैं, तभी हमारा जीवन मानवता के कल्याण में लग पाता है।

संतसंग भवन में आयोजित इस समागम में भीलवाड़ा जोन के जोनल इंचार्ज संत जगपाल सिंह और अन्य वक्ताओं ने बाबा जी की शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि उन्होंने निस्वार्थ प्रेम,



सेवा और भक्ति का जो मार्ग दिखाया, वही जीवन की सच्ची राह है।

सतगुरु माता जी ने भी अपने संदेश में कहा कि बाबा जी ने हमें सिखाया कि जब जीवन में सच्चा प्रेम होता है तो भौतिक सुख-दुख हमें प्रभावित नहीं करते। समागम के दौरान दिवंगत संत अवनीत जी की निस्वार्थ सेवा को भी याद किया गया। कार्यक्रम में विचारों के साथ-साथ गीत, भजन और कविताओं के माध्यम से भी बाबा जी के प्रेम, करुणा और समर्पण जैसे गुणों को श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण रूप से अभिव्यक्त किया। यह दिवस न केवल भीलवाड़ा में बल्कि विश्वभर में मनाया गया, जहां भक्तों ने बाबा हरदेव सिंह जी के जीवन और उपकारों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## कुंड गेट पर फिर से ओवरलोडिंग का खतरा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शक्ति सिंह परिहार ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि कुंड गेट नाके पर ओवरलोड गाड़ियों को रोकने के लिए लगाए गए लोहे के दो सरिए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ दिए गए हैं। इसके चलते अब भारी वाहन बिना किसी अवरोध के नगर के बाजार क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा और खतरे का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि बाजार क्षेत्र में पहले ही जगह की कमी एवं भीड़-भाड़ के चलते आवागमन बाधित रहता है। ऐसे में ओवरलोड गाड़ियों का प्रवेश न केवल ट्रैफिक जाम का कारण बन रहा है।

## जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

### हरियालो राजस्थान की तैयारी शुरू करने व विश्व पर्यावरण दिवस तक समस्त कार्यालयों को प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की बिंदुवार बारीकी से समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी विभाग को शेष एफएचटीसी कनेक्शन जल्द करने, श्रम विभाग के अधिकारियों को लेबर कार्ड व निर्माण श्रमिक से जुड़े लंबित प्रकरणों के जल्द निस्तारण को कहा।श्री संधू ने आगामी अभियान हरियालो राजस्थान की तैयारी शुरू करने व विश्व पर्यावरण दिवस तक समस्त कार्यालय में प्लास्टिक फ्री कार्यालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ई-फाईल व ई-डाक फाइलों के निस्तारण के एवरेज डिस्पोजल टाइम को कम करने हेतु निर्देशित किया साथ ही पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन सहित चिकित्सा, शिक्षा व अन्य प्रमुख विभागों की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर बेहतर प्रगति के निर्देश दिए।

बैठक में नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे ।


## मॉडल स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की कक्षा 10वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीणाम रहा है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 10 में 78 छात्रों में से 60 छात्र प्रथम श्रेणी व 18 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम स्थान पर ईशिका जैन ने 89.80 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर हर्षिता खंगार ने 89.20 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर राशि कुलहरी एवं मोनिका चौधरी ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम पिछले 9 वर्षों से लगातार शत प्रतिशत रहा है। कक्षा 12 मे प्रथम स्थान पर प्रियंका मीणा ने 88.60 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर दीपेश शेवानी ने 85.60 व तृतीय स्थान पर तनीषा सैनी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

## राजशेखर शर्मा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल के छात्र राजशेखर शर्मा ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके निवाई का नाम रोशन किया है।

## मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया सरथला का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के सरथला- बच्चों की सेहत और शिक्षा, संस्कार बहुत आवश्यक है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वास्थ्य के साथ साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा अनिवार्य, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार पुरोहित मांडलगढ़ ने कही। सीबीईओ पुरोहित द्वारा सरथला विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें परीक्षा परिणाम, मिड डे मील, पौधारोपण जागरूकता, शिक्षक ऐप पर धारा प्रवाह गतिविधि सहित विभिन्न पहलुओं को जांचा गया और दिशा निर्देश दिए गए। आरपी अर्जुन लाल मीणा ने खाद्यान्न संग्रहण, विद्यालय की सुरक्षा और छात्रों के दिए जाने वाले हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड की जानकारी ली गई।प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा और शिक्षक संघ अंबेडकर ब्लॉक अध्यक्ष राजमल रैगर द्वारा सीबीईओ दिनेश कुमार पुरोहित और आरपी अर्जुन लाल मीणा का तिरंगा पट्टी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा, वाइस प्रिंसीपल इन्द्र सहाय मीणा,लक्ष्मण लाल सुथार, भेरू लाल धाकड़, कैलाश चंद्र रैगर, भोजा राम बलाई सहित शिक्षक गण मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों और पहलगाम पीड़ितों को हरि शेवा धाम में दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर परिसर में ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों और पहलगाम पीड़ितों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर सभा की शुरुआत हुई।

यह आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। सभा का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए भारतीय जवानों और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए हिंदू नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस अवसर पर हरिशेवा शिक्षण-प्रशिक्षण संस्कृत विद्यालय के छात्रों ने विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए ऑपरेशन



सिंदूर में हुए शहीदों के बलिदान और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आधारित गंभीर विचार प्रस्तुत किए। छात्रों के विचारों में देशभक्ति, संवेदना और समाज के प्रति जागरूकता की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजन ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने अपने संबोधन में कहा, शहीदों का बलिदान देश की आत्मा है, हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। यह श्रद्धांजलि सभा केवल श्रद्धा अर्पित करने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करने का एक प्रेरणादायक अवसर भी रही। इस कार्यक्रम में सेवा निवृत सैनिक - वारंट ऑफिसर एल एल पांचाल, वारंट ऑफिसर एस के गुर्जर, सूबेदार मेजर चमन सिंह राठौड़, सूबेदार मेजर रतन देव, कैलाश चंद्र जीनगर, हवलदार तेज सिंह, हवलदार हेमेन्द्र सिंह चौहान को भी आमंत्रित किया गया। सूबेदार चमन सिंह राठौड़ जिन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया एवं सूबेदार रतन देव शर्मा ने अपने युद्ध के अनुभव सबके साथ साझा किए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के रवींद्र जाजू ने शस्त्र और शास्त्र की रक्षा के लिए तत्पर रहने को कहा। हरीशेवा शिक्षण प्रक्षिक्षण संस्थान के छात्र आस्था इटोरिया, रघुवीर सिंह रामावत, अर्जुन व्यास, शांतनु शर्मा एवं दीपेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आश्रम के संत राजाराम, संत गोविंदराम, महंत जमनादास, अरविंद मुनि, ब्रह्मचारी मिहिर, सचिव हेमंत वच्छानी, ट्रस्टी ईश्वरलाल आसनानी, अंबालाल नानकानी, पल्लवी वच्छानी, विद्यालय की प्रधानाचार्य रूपा पारीक, पुस्तकालय अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा, भारतीय सिंधु सभा के वीरूमल पुरसानी, मनीष सबदानी, बबिता नारवानी, पंकज आडवाणी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भी श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व सैनिकों का सम्मान कर, दो मिनट का मौन रख राष्ट्रगान से समापन किया गया।

## बस्सी गांव में गर्भवती महिलाओं के लिए आयोजित हुई केंद्रित हेल्थ फोरम की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत बस्सी में बंधन कोन्नगर संस्था द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से एक प्रभावशाली हेल्थ फोरम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को एनीमिया की रोकथाम और गर्भावस्था के दौरान जरूरी देखभाल के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का संचालन बंधन संस्था की कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर बुलबुल सैनी व टीम लीडर पूजा कटारिया द्वारा किया गया।

उन्होंने संवादात्मक शैली में गर्भवती महिलाओं को बताया कि एनीमिया शरीर में आयरन की कमी से होने वाली स्थिति जो गर्भावस्था में गंभीर जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने बताया कि इससे जच्चा और बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इस दौरान महिलाओं को एनीमिया से बचाव के लिए आयरन युक्त आहार, फोलिक एसिड की गोली और नियमित ब्लड प्रेशर जांच व वजन मापने के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगने वाले आवश्यक टीकों, दो बार पोषक भोजन के साथ-साथ दलिया, फल और स्वच्छताके महत्व को भी विस्तार से समझाया।

तरक्कियों की दौड़ में उसी का जोर चल गया, बना के रास्ता जो भीड़ से निकल गया....

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# 10वीं-12वीं सीबीएससी परिणाम में लड़कियों ने बाजी मारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी किया। इस बार रिजल्ट में छात्राओं ने बाजी मारी है। अजमेर रीजन 12वीं में 90.40 प्रतिशत रिजल्ट के साथ देशभर में 10वें स्थान पर रहा है।

वहीं 10वीं में 95.44 प्रतिशत रिजल्ट के साथ छठे स्थान पर रहा। एक्सपर्ट्स ने बताया कि इस बार कॉन्सेप्ट बेस्ड स्टडी करने वाले स्टूडेंट्स को काफी फायदा हुआ। वहीं फिजिक्स और मैथ्स में टाइट मार्किंग हुई। ऐसे में शत-प्रतिशत स्कोर करना थोड़ा मुश्किल रहा। एक्सपर्ट ने माना कि 12वीं में पिछले साल की तुलना में इस बार रिजल्ट में थोड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, एक्सपर्ट का यह भी कहना है कि बच्चों ने स्किल्स सुधार कर एग्जाम दिया, उन्हें इसका फायदा मिला।



### रिजल्ट में हुआ थोड़ा सुधार

इस साल 10वीं और 12वीं के मिलाकर कुल 88 .39 प्रतिशत स्टूडेंट्स परीक्षा में सफल हुए हैं। पिछले साल की 87 .98 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा सुधार है। यह परिणाम स्टूडेंट्स की मेहनत और स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार का संकेत भी देता है। इस बार स्टूडेंट्स को थ्योरी में पास होने के लिए 80 में से कम से कम 26 मार्क्स लाने थे। थ्योरी और प्रैक्टिकल, दोनों में अलग- अलग पास होना अनिवार्य था। इससे छात्रों को सभी पहलुओं में संतुलित तैयारी करने के लिए प्रेरित किया गया।

### लगातार दूसरे साल लड़कियों ने मारी बाजी

अभिषेक गुप्ता ने बताया- इस साल के रिजल्ट में स्टूडेंट्स ने गणित और फिजिक्स के पेपर को अपेक्षाकृत कठिन बताया। इन सब्जेक्ट्स में अंकों का मूल्यांकन भी कड़ा रहा, जिससे टॉप स्कोर करना चुनौतीपूर्ण रहा है। यह रिजल्ट में भी साफ नजर आ रहा है। इस बार लड़कियों का सफलता प्रतिशत लड़कों की तुलना में अधिक रहा है, जो उनके बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। यह लगातार दूसरे साल देखने को मिल मिला।

### परीक्षा पैटर्न में हुआ बदलाव

शिक्षाविद आरसी शर्मा ने कहा- इस बार सीबीएसई के परीक्षा पैटर्न में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए थे। 12वीं में कैपेसिटी आधारित सवालों की संख्या 40 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। जबकि दसवीं में पिछले साल की तरह ही 50 प्रतिशत स्किल बेस्ड सवाल थे। जिसका असर इस बार के रिजल्ट पर भी नजर आया है।

### एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से आए ज्यादा सवाल

शर्मा ने कहा- दसवीं के सामाजिक विज्ञान का पेपर संतुलित था। इसमें अधिकांश सवाल एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में से थे। ऐसे में जिन भी स्टूडेंट्स ने एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम का अध्ययन किया था। उन्हें इस बार की परीक्षा में काफी फायदा मिला होगा। रिजल्ट यह बताता है कि राजस्थान के स्टूडेंट्स को रटने की बजाय कॉन्सेप्ट की गहरी समझ विकसित करनी चाहिए। वही उनके रिजल्ट को बेहतर बना सकती है। जिन भी स्टूडेंट्स ने कॉन्सेप्ट और समझ के आधार पर अपनी स्टडी की, उनका रिजल्ट इस बार बेहतर रहा है।

## रेप-पीड़िता को न्याय के लिए एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को 6 दिन में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस बार धमकी के साथ एक रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की गुहार की है। इसके बाद पुलिस ने स्टेडियम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एसएमएस स्टेडियम में मंगलवार दोपहर 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया। इसमें लिखा- हम साल 2003 में हैदराबाद के लेमन ट्री होटल में एक लड़की के साथ रेप करने वाले के बारे में पुलिस का ध्यान आकर्षित करने के लिए स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल कर रहे हैं।

राजस्थान खेल परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया- मंगलवार तीसरी बार जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल में एक रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की बात भी कही गई है। ईमेल को लेकर हमने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ईमेल पर भेजे गए नंबरों के साथ ही मेल भेजने वाले व्यक्ति के आधार पर इस मामले की जांच कर रही है।

## बीजेपी की बैठक में कुर्सी नहीं मिलने से विधायक नाराज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान बीजेपी की सियासत एक बार फिर कुर्सी को लेकर तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा से पहले पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया था। लेकिन यात्रा को लेकर बैठक में कम चर्चा हुई और कुर्सी की ज्यादा हो गई।

दरअसल, सिविल लाइन से बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने मंच की ओर कदम बढ़ाए, वहां के हालत देख उनके तेवर बदल गए। क्योंकि मंच पर पहले से ही सभी कुर्सियां भरी हुई थी।

# जैसलमेर में भी पाकिस्तानी सिम बैन

## भारत-पाक बॉर्डर के पास मिसाइलनुमा वस्तु मिली, सेना को बुलाया गया, एयरपोर्ट्स पर सन्नाटा

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे जिलों में मंगलवार को जन-जीवन सामान्य हो गया। बाजार पहले की तरह ही खुले और बंद हुए। श्रीगंगानगर के बाद जैसलमेर में भी पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए इसका आदेश जारी किया। इससे पहले श्रीगंगानगर में पाकिस्तानी सिम के उपयोग पर रोक लगाई गई थी।

उधर, राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास मंगलवार को मिसाइलनुमा वस्तु मिली थी। पुलिस ने इसे कब्जे में लेकर सेना को खबर दे दी थी। एयरपोर्ट के ऑपरेशनल होने के बाद भी बीकानेर से न ही कोई फ्लाइट गई और न ही आई है।

बीकानेर, किशनगढ़ (अजमेर) और जोधपुर के एयरपोर्ट शुरू हो चुके हैं। एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी करते हुए जोधपुर की फ्लाइट सर्विस को मंगलवार के लिए कैंसिल कर दिया था। इंडिगो की सुबह की फ्लाइट्स के कैंसिल होने की सूचना है। जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स मंगलवार से खुल गए थे।




उधर, राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर के एक गांव में सोमवार रात को ड्रोन दिखाई दिए थे, जिन्हें भारतीय एयर डिफेंस ने मार गिराया था। झुंझुनूं जिले के चिड़ावा, पिलानी, सिंघाना, बुहाना और आसपास के क्षेत्र में भी आसमान में संदिग्ध वस्तु दिखने की सूचना मिली थी।

## बस से उतरकर ट्रेन के सामने कूदी सरकारी टीचर, बचाने दौड़ा युवक

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में मंगलवार को सरकारी महिला टीचर ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना शहर के गुढ़ा रेलवे फाटक के पास मंगलवार सुबह 8:20 बजे की है। जानकारी के अनुसार, सुबह 8:15 बजे गुढ़ा फाटक बंद था। फाटक बंद होने के कारण वहां एक बस रुकी हुई थी। श्रीगंगानगर से जयपुर की ओर जा रही ट्रेन करीब 8:20 बजे जब गुढ़ा फाटक के पास पहुंची तो बस से उतरकर टीचर ने ट्रेन के आगे कूद गईं। कोतवाली थाने के एएसआई यूसुफ खान ने बताया- मृतका की पहचान अर्चना जांगिड़ (38) पत्नी संदीप जांगिड़ निवासी झुंझुनूं के रूप में हुई है।

# झुंझुनूं और हनुमानगढ़ एसपी को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार ने झुंझुनूं और हनुमानगढ़ के एसपी को हटाकर एपीओ कर दिया है। कार्मिक विभाग ने झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी और हनुमानगढ़ एसपी अरशद अली को एपीओ करने के आदेश जारी किए हैं। दोनों जिलों में एसपी के पद पर किसी अफसर को पोस्टिंग नहीं दी गई है।

अरशद अली और शरद चौधरी दोनों जनवरी में प्रमोट होकर डीआईजी बन चुके थे। लेकिन, प्रमोशन के बाद एसपी की पोस्ट पर काम कर रहे थे।

दो जिलों के एसपी को एपीओ करने को लेकर राजनीतिक- प्रशासनिक



गलियारों में कई तरह की चर्चाएं हैं। दोनों जिलों को लेकर पिछले दिनों कई तरह की शिकायतों की चर्चा थीं। दोनों अफसरों को एपीओ किए जाने के पीछे शिकायतों को कारण बताया जा रहा है।

शरद चौधरी और अरशद अली सहित कुल 10 अफसर ऐसे थे, जो प्रमोशन के बाद पुराने पदों पर ही काम कर रहे हैं। अब 8 अफसर और हैं, जो डीआईजी बनने के बाद एसपी के पद पर ही काम कर रहे हैं।

### आईपीएस की तबादला लिस्ट जल्द आने की संभावना

दो जिलों के एसपी को एपीओ करने के बाद अब जल्द आईपीएस की तबादला सूची आने की संभावना है। दोनों जिलों में एसपी के पदों को भरा जाना है। एसपी से डीआईजी बने अफसरों को भी नई जगह पोस्टिंग दी जानी है। ये अफसर पांच महीने से पुराने पदों पर ही काम कर रहे हैं।

इनमें आईपीएस आनंद शर्मा, गौरव यादव, भुवन भूषण यादव, प्रहलाद सिंह कृष्णिया, राजन दुष्यंत, शंकर दत्त शर्मा, राममूर्ति जोशी और आलोक श्रीवास्तव शामिल हैं।

# हाईकोर्ट ने पशु परिचर भर्ती में नियुक्तियों पर रोक लगाई

## एक शिफ्ट के 1268 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, 6000 से ज्यादा पदों के लिए हुआ था एग्जाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पशु परिचर के 6000 से ज्यादा पदों पर नियुक्तियों पर फिलहाल रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड और पशुपालन विभाग से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। इस मामले में अब 2 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। इस अवधि में दस्तावेज सत्यापन हो सकेगा, लेकिन किसी को नियुक्ति नहीं दी जा सकेगी। हितेश पाटीदार और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ये आदेश दिए हैं।

याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट सारांश विज और हरेंद्र नील ने पैरवी करते हुए तर्क दिया कि पशु परिचर भर्ती परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन का गलत फॉर्मूला अपनाया गया। बिना कट ऑफ मार्क जारी किए ही सफल कैंडिडेट्स को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुला लिया।



### तीन दिन, 6 शिफ्ट में हुए थे एग्जाम

पशु परिचर भर्ती के लिए 6 अक्टूबर 2023 में विज्ञप्ति निकाली गई थी। इस भर्ती में 17 लाख 53 हजार ने आवेदन किया था। 10 .52 लाख कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी। 1 से 3 दिसंबर 2024 को तीन दिन परीक्षा हुई थी। तीन दिन में छह शिफ्ट में परीक्षा हुई थी। हर शिफ्ट का अलग पेपर था। याचिकाकर्ता पहली और चौथी शिफ्ट के है। इस साल 3 अप्रैल को रिजल्ट जारी हुआ था। छह शिफ्टों में हुई परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन हुआ था। इसके फॉर्मूले पर विवाद था। चौथी शिफ्ट से 6 प्रतिशत, छठी से 33 प्रतिशत का चयन हुआ।

### नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूले पर विवाद

नॉर्मलाइजेशन में जेड फॉर्मूला अपनाया गया था, इस फॉर्मूले को सुप्रीम कोर्ट भी खारिज कर चुका है। सही फॉर्मूला पी फॉर्मूला है, जिसे नहीं अपनाया। पहली और चौथी शिफ्ट में परीक्षा देने वाले एक भी कैंडिडेट का चयन नहीं हुआ। छठी शिफ्ट से 1268 कैंडिडेट का चयन हो गया। पहली शिफ्ट में किसी भी सामान्य और ओबीसी कैटेगरी के कैंडिडेट का चयन नहीं हुआ।

# बाड़मेर में खेत में मिली मिसाइलनुमा वस्तु

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** बाड़मेर में मंगलवार सुबह हालात सामान्य हैं। जिले के गुड़ा इलाके के एक गांव में आज मिसाइलनुमा वस्तु मिली। पुलिस की मौजदूगी में इसे सेना को सौंपा गया। आज रेलवे का संचालन सुचारू हुआ है। बाड़मेर से ट्रेन सीमावर्ती क्षेत्र मुनाबाव जाने के लिए रवाना हुई है। इससे पहले सोमवार रात को एक बार फिर आसमान में संदिग्ध वस्तु की एक्टिविटी नजर आई।

इसके बाद आसमान में धमाके की आवाज भी सुनाई दी। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई। सोमवार रात के समय लोगों ने स्वविवेक से घरों की लाइटें बंद रखी। वहीं रोड लाइटें नहीं लगी। इससे पूरा शहर अंधेरे के आगोश में नजर आया। इधर पीएम नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन के बाद जिला प्रशासन ने सभी पाबंदियों को हटा दिया गया।

# जयपुर में भीषण हादसा, तेज रफ्तार कार ने 2 बाइकों को टक्कर मारी, पिता-पुत्र सहित 4 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर के चौमूं—कालाडेरा स्टेट सड़क मार्ग स्थित गुवारडी बस स्टैण्ड पुलिया के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही दो बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइकों पर सवार चार जने गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को कालाडेरा व चौमूं के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिए। पुलिस ने चौमूं में पोस्टमार्टम करवाकर दो जनों के शव परिजनों को सौंप दिए। गोविन्दगढ पुलिस उपाधीक्षक राजेशकुमार जांगिड़ ने बताया कि अनोपपुरा थाना कालाडेरा निवासी अमित कुमार मीणा (20) पुत्र राजेश मीणा व अजय शर्मा (24) पुत्र सीताराम शर्मा एवं जीणमाता नगर रामपुरा सेवापुरा थाना दौलतपुरा जिला जयपुर निवासी योगेश बुनकर (32) पुत्र पुरणमल बुनकर एवं उसके पिता पूरणमल बुनकर (55) पुत्र लच्छूराम बुनकर चौमूं-कालाडेरा स्टेट सड़क मार्ग से दो अलग—अलग बाइकों पर सवार होकर चौमूं से कालाडेरा की तरफ जा रहे थे।


# राजस्थान में आंधी के साथ बारिश हुई

## 1 जिलों में बरसात का अलर्ट, 15 मई से दो शहरों हीटवेव की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को कई शहरों में मौसम बदला। दोपहर बाद अलवर, भरतपुर, जयपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में बादल छाए। धूलभरी आंधी चली। कुछ शहरों में बूंदाबांदी भी हुई। वहीं, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

वहीं, मंगलवार रात तक 7 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 14 मई को राजस्थान के 11 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15 मई से उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के जिलों में हीटवेव चलने की आशंका जताते हुए 3 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।



### अलवर में बारिश हुई

मंगलवार सुबह जयपुर, अजमेर, गंगानगर, जैसलमेर समेत लगभग सभी शहरों में आसमान साफ रहा और धूप निकली। दोपहर 3 बजे हनुमानगढ़, झुंझुनूं के आसपास मौसम बदला और बादल छाए। कुछ जगहों पर आंधी चलने के साथ बारिश हुई। अलवर के कई हिस्सों में बारिश हुई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com